Love All Serve All

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह
# MAHAVIR PRAVAH

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Live And Let Live

Publication Date: 28th Per Month • Year 12th, August 2025, Issue 09 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 36 • Rate: 5/-






महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र के द्वारा महावीर इंटरनेशनल चेरिटेबल आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संचालन हेतु नव निर्मित भवन का उद्घाटन समारोह

# GLIMPSES OF ACTIVITIES



शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम म.इ. अजमेर केंद्र



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम म.इ. बांसवाड़ा माहि वीरा केंद्र



सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम म.इ. हैदराबाद केंद्र



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन म.इ. क्वींस केंद्र भीलवाड़ा



भोजन वितरण कार्यक्रम म.इ. उदयपुर केंद्र




जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम म.इ. नौगामा केंद्र

**International President**
**Vir CA Anil Jain (MiGF)**
president@mahavirinternational.org

**International Secretary General**
**Vir Ashok Kumar Goyal (MiGF)**
sg@mahavirinternational.org

**Editor**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Flat No.-963, Sector-9,
Malviya Nagar, Jaipur -302017
Mob.: +91 6376968501
dir.wc@mahavirinternational.org

**Advisor :**
**Vir Devi Chand Shrishrimal**
Mob.: +91 9893653441
advt@samvetshikhar.com

**Co-Editor :**
**Vir Sandeep Dangi (MiF)**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Sunil Gang (MiF)**
Mob.: +91 9414165165
sunilgang56@rediffmail.com

**Deputy Editor :**
**Vir CA Ayush Jain**
Mob. : +91 9930179585
mahaveerinternational2122@gmail.com

**Vira Sarika Agarwal**
Mob.: +91 9414388872
sarikaji1978@gmail.com

**Vir Hastimal Banthia**
Mob.: +91 9879560524
hastimallbanthia@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
   IFS Code : SBIN0031033
   STATE BANK OF INDIA
   Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
   ICICI Bank
   Branch : Janta Colony, Jaipur
   IFS Code : ICIC0006757

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_international_apex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

अध्यक्षीय संदेश ..... 04
महावीर इंटरनेशनल आई केयर हॉस्पिटल अजमेर का अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन एवं आईजीएल के प्रबंधा निदेशक श्रीमान कमल किशोर जी चाटीवाल द्वारा लोकार्पण ..... 05
महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र का स्थापना दिवस और जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी ..... 07

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग ..... 10
नार्थ-2 संभाग ..... 11

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ..... 12
सीकर-झुंझुनू संभाग ..... 14

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ..... 16
भीलवाड़ा संभाग ..... 17
बिजयनगर-ब्यावर संभाग, चित्तौड़गढ़ संभाग ..... 19

**रीजन-4**
डूँगरपुर-बासंवाड़ा संभाग ..... 20
राजसमंद संभाग ..... 21
उदयपुर संभाग ..... 22

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ..... 23
जोधपुर संभाग, नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग ..... 26

**रीजन-6**
बाड़मेर-बालोतरा संभाग ..... 27

**रीजन-7**
भोपाल संभाग ..... 27
इंदौर-उज्जैन संभाग ..... 28

**रीजन-8**
सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग, गुजरात संभाग ..... 29
मुंबई संभाग ..... 30

**रीजन-9**
छत्तीसगढ़ संभाग ..... 31
विदर्भ संभाग ..... 32

**रीजन-10**
आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग, तमिलनाडु-केरला संभाग ..... 32
तेलंगाना संभाग ..... 34



वीर अनिल जैन
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



वीर अशोक गोयल
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**सम्माननीय वीर बन्धुओं एवं वीरा बहनों,**
**जय महावीर।**

आशा हैं आप सभी समाज सेवा के पावन पथ पर अग्रसर रहते हुए स्वस्थ, प्रसन्नचित्त एवं परिवार सहित आनंदित होंगे।

नि:स्वार्थ सेवा मानव जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि हैं, और इसी ध्येय को लेकर महावीर इंटरनेशनल के प्रत्येक सदस्य सेवा, सहानुभूति और समर्पण के साथ समाज हित में निरंतर प्रयासरत हैं। सेवा भाव में विनम्रता एवं सहनशीलता के बिना कोई स्थायी प्रभाव नहीं डाला जा सकता। सेवा का व्यवहार ही हमारे व्यक्तित्व को परिभाषित करता हैं और हमारे अंत:करण में छिपी मानवता को प्रकाशित करता हैं।

भारतीय संस्कृति के मूल स्तंभ – **तप, त्याग और संयम** – आज भी हमारे जीवन के दिशा-निर्देशक हैं। धर्म, ज्ञान, भक्ति और सद्भावना के समन्वय से ही समरस और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण संभव हैं। अत: आइए, अपने राग-द्वेष व कषायों का त्याग कर भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलें और समस्त विश्व में अहिंसा, शांति और मानवता का संदेश फैलाएं।

सत्र 2025-27 के लिए 31 अगस्त, 2025 को संस्था के चुनाव सम्पन्न होंगे। CDSL द्वारा इ-वोटिंग की सुविधा प्राप्त होगी एवं व्यक्तिगत उपस्थित होकर मतदान की सुविधा अपेक्स ऑफिस, जयपुर में उपलब्ध रहेगी। हम सभी जनरल काउंसिल सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए, अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आपका एक मत संस्था के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

सभी केंद्रों को सत्र 2025-2027 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया को तत्काल **प्राथमिकता देते हुए** 15 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कर लेनी चाहिए, जिससे 1 अक्टूबर 2025 से नव-निर्वाचित केंद्र पदाधिकारी विधिवत् रूप से कार्यभार ग्रहण कर सकें। यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्वाचन प्रक्रिया संस्था के विधान के अनुरूप पारदर्शिता व समयबद्धता से सम्पन्न हो, ताकि अपेक्स व सभी केंद्रों का कार्यकाल समान रूप से आरंभ हो सके।

सेवा कार्यों के क्रम में हाल ही में महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र द्वारा **महावीर इंटरनेशनल चेरिटेबल आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर** के नव-निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से प्रदत्त अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा उपकरण, फिजियोथैरेपी मशीनें एवं एक ईको कार का लोकार्पण भी हुआ। यह केंद्र निर्धन एवं पिछड़े वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। माननीय श्री कमल किशोर चाटीवाल जी (प्रबंध निदेशक, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड) का इस सहयोग हेतु हृदय से आभार।

इसी श्रृंखला में, **27 जुलाई को** महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र के **43वें स्थापना दिवस** एवं जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी में सहभागिता का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समस्त 10 केंद्रों की गरिमामयी उपस्थिति और योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर जोधपुर केंद्र को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**पर्यावरण संरक्षण** के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर **कपड़े के थैलों** को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। वीर रविंद्र जैन जी के मार्गदर्शन में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा हैं, जिसमें जन-जागरूकता के साथ-साथ सरकारी स्तर पर अपील भी की जा रही हैं।

महावीर इंटरनेशनल के विस्तार हेतु आप सभी से निवेदन हैं कि अधिक से अधिक **नए केंद्र,** विशेषत: **युवा केंद्र,** स्थापित करने में सहयोग करें, जिससे सेवा के यह पवित्र कार्य देश-विदेश तक व्यापक स्तर पर पहुँच सकें।

आप सभी के **स्वस्थ, समृद्ध एवं सेवा-भावना से पूर्ण जीवन** की मंगल कामना सहित...

# करीब 3 करोड़ की लागत से महावीर इंटरनेशनल आई केयर हॉस्पिटल अजमेर का अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन एवं आईजीएल के प्रबंध निदेशक श्रीमान कमल किशोर जी चाटीवाल द्वारा लोकार्पण दिनांक 26 जुलाई, 2025



अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन और अपेक्स की टीम के मार्गदर्शन में एवं देश के दूसरे सबसे बड़े वीर केंद्र अजमेर की चेयरपर्सन वीरा इंदू जैन के नेतृत्व में संस्था का बड़ा स्थाई प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया।

महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र के द्वारा महावीर इंटरनेशनल चेरिटेबल आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संचालन हेतु नव निर्मित भवन का उद्घाटन पृथ्वीराज नगर में किया गया। उद्घाटन के अवसर पर आगंतुकों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक माननीय कमल किशोर जी चाटीवाल द्वारा शहर के और संस्था के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भवन और नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण किया गया।

इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने में अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल, अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सीए सुधीर जैन अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर CSR वीर अशोक जैन, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल लोढ़ा, पूर्व जोन अध्यक्ष वीर नरेंद्र कुमार रांका, वर्तमान जोन अध्यक्ष वीर अशोक जैन, सचिव वीर प्रभातचंद सेठी, टीम के अन्य सदस्य वीर लाभचंद जी, वीर विनय कुमार जैन, वीर प्रेम कुमार जैन, वीर मनोहर ईनाणी, वीरा पूनम जैन, वीर मुकेश ओसवाल एवं अजमेर केंद्र के अनेक साथियों का सक्रिय योगदान रहा।

करीब 3 करोड़ की लागत के इस नेत्र चिकित्सालय के भूमि आवंटन में पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन की प्रमुख भूमिका रही साथ ही एडीए के अधिकारियों ने बहुत सहयोग किया। अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर CSR वीर अशोक जैन साहब के प्रयासों से आईजीएल कंपनी द्वारा एक करोड़ की मशीन और उपकरण प्रदान किए गए।

उषा जी, प्रेम जी गोधा, वीरा पुष्पा जी लोढा एवं स्मृति जी मेहता, वीर एस.एस. जैन, वीर अशोक अग्रवाल, वीर सुबोध जैन, वीर एम.के. जैन फरीदाबाद एवं अनेक भामाशाहों का अतुलनीय सहयोग रहा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में स्थानीय पार्षद हामिद भाई, टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील शर्मा एवं अन्य सभी सरकारी विभागों का हमेशा सहयोग मिला। भवन के आर्किटेक्चर श्री धर्मेंद्र जैन, श्रेयांश जैन का निस्वार्थ सहयोग प्रशंसनीय रहा।

माननीय चाटीवाल साहब ने इस प्रोजेक्ट में शुरुआत होने के बाद आगे भी आवश्यकता होने पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. राकेश पोरवाल, डॉ. मधु माथुर एवं जेएलएन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिल सांवरिया एवं उनकी टीम ने इस प्रोजेक्ट में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड से प्राप्त आंखों के इलाज के लिए आवश्यक मशीनों एवं फिजियोथैरेपी मशीनों एवं एक इको कार का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। अतिथियों व निर्माण में सहयोग देने वालों को भी सम्मानित किया गया। अजमेर के जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. राकेश पोरवाल ने बताया कि इस केंद्र में आई.जी. एल. द्वारा उपलब्ध करायी गयी मशीने श्रेष्ठ हैं और बहुत कम स्थानों पर उपलब्ध हैं।

इस कार्यक्रम में अन्य केंद्रों से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अपेक्स) वीर विनोद कुमार चोरड़िया, भीलवाड़ा जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवाड़, ट्रस्टी वीरा बलवीर चोरड़िया, भीलवाड़ा जोन सेक्रेटरी वीरा चंद्रा रांका, पूर्व जोन सचिव अजमेर जोन वीर सुभाष जी पहाड़िया, पूर्व जोन चेयरमैन भीलवाड़ा जोन वीर कन्हैया लाल बोरदिया एवं फरीदाबाद केंद्र चेयरमैन वीर एम.के. जैन तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

यह दिन संस्था के इतिहास में सदैव स्मरण किया जाएगा। एक वीरा के नेतृत्व में इतना बड़ा स्थाई प्रोजेक्ट आम जनता की सेवा हेतु कार्यरत हुआ।












Mahavir International Ajmer Center
महावीर इन्टरनेशनल अजमेर केन्द्र










Mahavir International Ajmer Center
महावीर इन्टरनेशनल अजमेर केन्द्र



# महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र का स्थापना दिवस और जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी दिनांक 27 जुलाई, 2025

महावीर इंटरनेशनल जोधपुर का 43वां स्थापना दिवस और जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर प्रार्थना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र चेयरमैन वीर जगदीश गांधी ने बताया कि केंद्र का 43वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए वीर अनिल जैन, रीजन-5 अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल बांठिया एवं रीजन सचिव वीर राजेंद्र सिंह राठौड़, जोधपुर जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी एवं जोन सचिव वीरा सुधा गर्ग की गरिमामय उपस्थिति रही। जोधपुर जोन के सभी 10 केंद्रों चेयरमैन, सचिव व सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में जोन द्वारा सेवा कार्य के तहत अवार्ड सेरेमनी आयोजित की गई उसमें सभी केंद्रों को प्रथम एवं द्वितीय के कुल 25 अवार्ड दिए गए। मंच का संचालन सचिव वीर अरुण मोहनोत द्वारा किया गया एवं धन्यवाद वीर मनोज जी द्वारा दिया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।











अहिंसा परमो धर्मः
"जैनं जयति शासनम्"



पर्यूषन पर्व के इस पावन अवसर पर हृदय की गहराई से हम सभी क्षमा याचना करते है।

दलीचंद जैन • अशोक जैन एवं समस्त जैन (चोरडिया) परिवार,

क्षमा भाव

भवरलालजी आणि कांताई जैन परिवार

जैन इरिगेशन सिस्टीम्स् लि.
कल्पना कणापरी. ब्रह्मांडाचा भेद करी.®

जैन फार्मफ्रेश
जैन फार्म फ्रेश फूड्स लि.
A JAIN IRRIGATION COMPANY

भवरलाल अँण्ड कांताबाई जैन फाऊंडेशन, जळगाव
करुणा.. कल्पना.. कष्ट!
कांताई नेत्रालय
आय केयर फॉर यू
eye care boutique
जैन हेल्थ केअर सर्व्हिसेस
अनुभूति स्कूल
गांधी रिसर्च फाऊंडेशन
• सत्य • अहिंसा • शांती
गौराई कृषी-तंत्र निकेतन
भाईसाहेब सुंदरलाल मल्हारा पोटेन्शियल डेव्हलपमेन्ट अकॅडमी
बहिणाबाई चौधरी मेमोरियल ट्रस्ट
जैन स्पोर्टस् अकॅडमी

जैन हिल्स्, जलगाव-४२५००१, ई-मेल: jisl@jains.com; वेबसाईट: www.jains.com

भारत • युएसए. • मेक्सिका • ब्राझील • चिली • अर्जेंटिना • यूके • आयर्लंड • उत्तर आयर्लंड
फ्रान्स • स्पेन • ग्रीस • तुर्की • रशिया • इस्त्रायल • चीन • ऑस्ट्रेलिया

Nirmal

परस्परोपग्रहो जीवानाम्



## प्रेम, स्नेह का नाता अपना,
## क्षमाभावसे और भी बने गहरा..

# मिच्छामी दुक्कडम

– क्षमाप्रार्थी –

डॉ. प्रकाश कांकरिया, डॉ. वर्धमान कांकरिया, डॉ.सौ. सुधा कांकरिया, डॉ.सौ. श्रुतिका कांकरिया

समस्त कांकरिया परिवार, अहिल्यानगर एवं पुणे

---

# चष्मा नको ?



## कॉन्ट्युरा व्हिजन

लेसर किरणांचा अचुक मारा,
चष्म्यापासुन मिळवा

**कायमची मुक्ती**

Contoura Vision
Alcon

आंतरराष्ट्रीय किर्तीच्या
**नेत्रतज्ञांची टिम**

चष्म्यापेक्षाही अधिक
**चांगली दृष्टी**

डॉ. कांकरियांचे

## साई सूर्य नेत्रसेवा
दृष्टी साजरी करा

Man Kanhaiya Eye Bank
Donate Vision

वर्धमान, **माणिकचौक**, अहिल्यानगर

8888 98 2222 / 911 2288 611 | saisuryaa85@yahoo.com | www.saisuryasupervision.com

## रीजन-1

### नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा जुलाई माह में संचालित अस्पताल में निम्न सेवाएं





नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

प्रदान की जैसे नेत्र जांच: 731, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 21, स्पेक्स: 16, फिजिशियन जांच: 663, फिजियोथैरेपी जांच: 334, डेंटल जांच: 39, गायनोकॉलोजी: 12, ऑर्थोपेडिक: 32, ई. एन.टी.: 20, स्किन: 17, दवाईयों का वितरण: 228, डिजिटल एक्सरे में 90 एवं पैथोलॉजी जांच में 378 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किए गए जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच: 326, Hb 1Ac: 15, Uric acid: 38, थाइराइड: 63, ऑर्थोपेडिक कैम्प: 17, ब्लड प्रेशर कैम्प: 298, लंग्स कैम्प: 42, कैल्शियम कैम्प: 128, लिवर फंक्शन कैम्प: 39 की जांच की गयी। 27 जुलाई को 100 पौधों का रोपण किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र
### नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र** द्वारा जून माह में भगवान महावीर हॉस्पिटल में नेत्र जांच: 480, नेत्र ऑपरेशन: 15, डेंटल चेकअप: 68, एक्यूप्रेशर उपचार: 151, न्यूरोथैरेपी उपचार: 220, फिजियोथैरेपी उपचार: 258, सेनिटरी नैपकिन भेजे गए: 2500, कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र: 60 छात्र।

### महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र फरीदाबाद
### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र फरीदाबाद** द्वारा जुलाई माह में निम्नलिखित सेवाकार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए जिसमें इस माह में कुल 5 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 207 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आपात स्थिति में जरूरतमंदों को 14 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। सेक्टर-15A में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 52 व्यक्तियों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। 53 व्यक्तियों का स्टेम सेल डोनर पंजीकरण किया गया। 32 व्यक्तियों का





वाटरकूलर का उद्घाटन कार्यक्रम

थैलेसीमिया परीक्षण किया गया। 15 स्वयंसेवकों की सहभागिता से सेवा यात्रा का आयोजन किया गया। केंद्र में 36 बच्चों ने कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त की। 12 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। 18 मरीजों को फिजियोथैरेपी उपचार दिया गया। 22 मरीजों ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ उठाया व 20 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल गौशाला का उद्घाटन संपन्न हुआ। जिसको निर्मित करने में रु.5.51 लाख की लागत लगी। जरूरतमंदों को कुल 3596 भोजन पैकेट वितरित किए गए। देवेंद्र कुमार बलवीर पाठशाला में 29 दिव्यांग एवं 50 वंचित बच्चों को शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। केंद्र संरक्षक वीर सीए अजीत सिंह पटवा जी को Youth for Sewa (बेंगलुरु स्थित संस्था) का सलाहकार नियुक्त किया गया हैं। यह संस्था भारतभर में 3.5 लाख स्वयंसेवकों के साथ कार्य कर रही हैं। 12 अगस्त को सेक्टर-21 में मार्बल मार्केट में श्रीमती प्रेम लता जिनेन्द्र जैन की स्मृति में, पार्षद श्री दारा सिंह चपराना, श्रीमती अलका भाटिया एवं श्रीमती किरण शर्मा के सहयोग से एक वाटरकूलर का उद्घाटन किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र, अलवर
### वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र, अलवर** द्वारा 12 अगस्त को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण

अभियान 'हरियालो राजस्थान' के अंतर्गत एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डाइट परिसर एवं डाइट छात्रावास, अलवर में संपन्न हुआ, जिसमें समस्त स्टॉफ एवं डीएलएड के 100 छात्राध्यापकों द्वारा कुल 396 पौधे रोपित किए गए। इसी क्रम में महावीर इंटरनेशनल द्वारा मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर सेक्टर-21 स्थित मार्बल मार्केट में 'महावीर इंटरनेशनल प्याऊ' का उद्घाटन किया गया। यह प्याऊ श्रीमती प्रेम लता जिनेंद्र जैन की पुण्य स्मृति में स्थापित किया गया, जिसका लोकार्पण केंद्र के संरक्षक वीर अजीत पटवा



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

एवं श्री मनोज यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर वार्ड 20 के पार्षद श्री दारा सिंह चपराना, हरियाणा राज्य ह्यूमन लीगल एंड क्राइम कंट्रोल की अध्यक्ष एवं जिला फरीदाबाद पंजाबी समाज की जिलाध्यक्ष श्रीमती अलका भाटिया, मेवला मंडल महामंत्री श्रीमती किरण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र की अध्यक्षा श्रीमती शिखा अरोड़ा ने की। तरुण केंद्र के अध्यक्ष श्री राहुल, कार्य में सहयोग देने वाले श्री रघुबीर यादव, श्री प्रदीप, दानदाता परिवार से श्री मनुज जैन, वीर राहुल जैन, वीरा शिल्पी कौर, श्रीमती मुक्ति जैन एवं श्री नितिन गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। केंद्र द्वारा बाल विकास प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, फीलखाना (डाइट परिसर), अलवर में पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर महोदय द्वारा संचालित 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बच्चों से तिरंगा झंडा बनवाकर की गई। बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ एक रैली निकाली एवं देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा एवं वीरा नीलम देवी ने बच्चों से नैतिक शिक्षा के महत्व पर संवाद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट प्राचार्य श्री ओमप्रकाश जी ने विद्यालय के 75 छात्रों को 2 कॉपियां, 1 पेन, 1 बिस्कुट पैकेट एवं 1 कपड़े का थैला उपहार स्वरूप प्रदान किया। साथ ही नवागंतुक 10 छात्रों को 1 स्कूल बैग, 1 पेंसिल, 2 कॉपियां, 1 बिस्कुट पैकेट एवं 1 कपड़े का थैला भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रयास वीरा अध्यक्ष वीरा लता शर्मा, वीरा नीलम देवी, श्रीमती विजयलक्ष्मी, श्रीमती रामकला एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ की सक्रिय भागीदारी रही।

## नार्थ-2 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र
### प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र** द्वारा 15 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के मूल मिशन "हर महिला को आत्मनिर्भर



**प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

और सक्षम बनाना" के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई हैं। केंद्र ने वंचित वर्ग की कई महिलाओं को प्रशिक्षण पूर्ण कराने के उपरांत उन्हें डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अब तक 15 नई महिलाएं/लड़कियां प्रशिक्षण हेतु नामांकित कराया गया।

### महावीर इंटरनेशनल जम्मू तवी केंद्र
### "खुशियों का बाजार" का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जम्मू तवी केंद्र** द्वारा "खुशियों का बाजार" का आयोजन किया गया,


**"खुशियों का बाजार" का आयोजन**

जिसमें वीरा सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन को वहां उपस्थित खरीदारों, सदस्यों एवं राहगीरों द्वारा भी खूब सराहा गया। बाजार में लगभग 85 परिधान प्रदर्शित किए गए, जिनमें बीबा एवं होम कलेक्शन के परिधान शामिल रहे। कार्यक्रम ने समाज में पुन: उपयोग और सहायता की भावना को बढ़ावा दिया और जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक अच्छे वस्त्र उपलब्ध कराए।

### महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र
### कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा सिविल लाइन्स स्थित जैन स्थानक में कृत्रिम


**कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन**

अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग तथा श्रवण यंत्र (सुनने की मशीनें) नि:शुल्क प्रदान किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा नालागढ़ केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा नालागढ़ केंद्र** द्वारा 17 जुलाई को राजलक्ष्मी संविद गुरुकुलम



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

सैनिक स्कूल में वन महोत्सव के अवसर पर एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्लास्टिक के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही "कपड़े की थैली मेरी सहेली" परियोजना के तहत स्कूल स्टॉफ को नि:शुल्क कपड़े के थैले वितरित किए गए। केंद्र द्वारा स्थानीय अल्पाइन पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में "Say No to Plastic" तथा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" परियोजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए वाद-विवाद (डिक्लेमेशन) एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुरुपयोग पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर केंद्र की चेयरपर्सन डॉ. पूनम जैन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर संबोधित किया। स्कूल डायरेक्टर श्रीमती प्रेम जोशी ने भी प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति बच्चों को जागरूक किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशंसा स्वरूप प्रोत्साहित किया गया और स्कूल स्टॉफ को कपड़े की थैलियां नि:शुल्क वितरित की गई। SDM कार्यालय में एक जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति को ट्राईसाइकिल भेंट की गई। यह सेवा कार्य SDM, केंद्र की चेयरपर्सन वीरा डॉ. पूनम जैन, वीरा श्रीमती प्रमोद जैन एवं वीरा श्रीमती दीपिका जैन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकूला केंद्र
## एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकूला केंद्र** द्वारा जैन स्थानक, सेक्टर-17, पंचकूला में 11 अगस्त को एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का



**एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन**

संचालन प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ. आर. के. शर्मा (हनुमानगढ़) के सान्निध्य में किया गया। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 35 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति के माध्यम से अपने स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। इस अवसर पर वीरा राज जयसिंह, वीरा विजय जैन, वीरा शुभ किरण जैन, वीरा सुनिता जैन तथा अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# रीजन-2

## जयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर** द्वारा जुलाई माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत 1 जुलाई को वीरा माया जी बोथरा के निवास स्थान मार्बल हाऊस, बापू नगर पर बोर्ड मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें 10 बोर्ड मेंबर्स उपस्थित रहे। श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम.सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5000 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। वीर बालिका महाविद्यालय में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर जिसमें 17 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। स्वनेत्र अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद 12 ऑपरेशन करवाए गए। अस्थाई सेवाकार्यों के अंतर्गत 5 जुलाई को राजस्थान विश्वविद्यालय के भाभा हॉस्टल पर विशाल वृक्षारोपण किया गया जिसमें 150 पौधे लगाए गए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिंधी अनाज मंडी मालवीय नगर जयपुर के विद्यार्थियों की पढाई के लिये 20 स्टडी टेबल भेंट की गई। इसमें वीरा माया जी का विशेष प्रयास एवं सहयोग रहा। केंद्र द्वारा गर्मीयों को देखते हुए धूप से बचाव हेतु 20 छतरियों (Shelton) का प्रबन्ध किया गया एवं समय-समय पर जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाया जायेगा। वीरा माया जी बोथरा द्वारा जुलाई माह में 11 बालिकाओं के विवाह उपलक्ष्य में घर गृहस्थी का सामान, कपड़े एवं आर्थिक सहायता, राजकीच उच्च प्रा. विद्यालय सांगानेर में 7/8 Class के बच्चों के लिये तीन-तीन पंखे लगवाए गए। उनके सहयोग से ही एशिया






**भोजन एवं शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

सकल स्कूल केंद्र द्वारा 4 पंखे लगवाए गए। 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में राजकीय प्रा. विद्यालय अपेक्षा सर्किल में, सभी विद्यार्थियों को जलपान तथा कॉपी एवं पेन बांटे गए। HIV पीड़ित बच्चों के केंद्र में नाश्ता, राशन सामग्री एवं आवश्यक सामान भेंट किया गया। एक कैंसर मरीज को इलाज हेतु सहायता प्रदान की गयी। एक छात्र भव्य भंसाली की साल भर की फीस 16500/- जमा करवाई गयी। आत्मनिर्भर आश्रम में वृद्धों का जलपान एवं बच्चों के लिए मिठाई वितरित की गयी। सांगानेर के एक आश्रम में जिसमें भिक्षुओं रखा जाता हैं केंद्र के द्वारा सहायता सामग्री भेंट की गई। केंद्र के पर्यावरण प्रेमी वीर मनदीप सिंह जी द्वारा ग्राम टोडालाडी में 98 बीघा जमीन पर वृक्षारोपण (Seed Plantation) का शुभारम्भ किया गया जिसमें काफी बडे क्षेत्र में बरगद के Seed Plant किए गए। वीरा कमल पनगड़िया द्वारा जुलाई माह में राजकीय विद्यालय लखीसरा में बच्चों को कॉपी, पेन्सिल वितरीत की गई।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र, जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र, जयपुर** द्वारा सेवा, शिक्षा व सहयोगात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**भोजन वितरण सेवा ( जे.के. लोन अस्पताल )**

महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र, जयपुर द्वारा वीरा मधु भंडारी के सहयोग से उनके ससुरजी की पुण्यतिथि पर जे.के. लोन अस्पताल के बाहर 200 जरूरतमंदों व मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया गया।

### शिक्षा सहयोग ( आदर्श विद्या मंदिर )

एक जरूरतमंद छात्र की स्कूल से नाम कटौती रोकने हेतु रु.6250/- की फीस विद्यालय को सीधे प्रदान की गई। साथ ही वीरा विद्या मेहता द्वारा बच्चों को 100 बिस्कुट पैकेट वितरित किए गए।

### दिव्यांग सहायता (महावीर विकलांग सहायता केंद्र)

26 जुलाई को वीरा कविता बम्ब के सहयोग से दो दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर एवं एक असहाय व्यक्ति को व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह सेवा कार्य उन्होंने अपने ससुरजी की पुण्यतिथि पर समर्पित किया। इस अवसर पर वीरा कविता बम्ब एवं वीरा आशा उपस्थित रही।




**भोजन वितरण एवं दिव्यांग सहायता का आयोजन**



### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम (सेठी कॉलोनी स्कूल)

स्वतंत्रता दिवस पर सेठी कॉलोनी स्थित एक स्कूल में बच्चों को लडडू एवं नोटबुक्स वितरित की गई। बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढ़ा, वीरा सरिता बोहरा, वीरा आशा गोलछा व वीरा ज्योत्सना अग्रवाल उपस्थित रही।

### शैक्षिक सामग्री वितरण ( आनंद बाल मंदिर )

शिक्षा में सहयोग हेतु आनंद बाल मंदिर स्कूल के बच्चों को नोटबुक्स व पेंसिलें वितरित की गईं। इस सेवा कार्य में कोषाध्यक्ष वीरा पूजा एवं वीरा सविता की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र, जयपुर
## सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र, जयपुर** द्वारा वीरा सीमा एवं उनके परिवार को यशोदा परियोजना के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया गया। विशेष देखभाल एवं पोषण की जिम्मेदारी वीरा सुनीता रावत द्वारा निभाई गई। गोद भराई समारोह में सीमा जी को पोषक सामग्री जैसे घी, मुनक्का, बादाम, मखाने, सौंठ, गोंद, दालें, चावल, दलिया, बिस्कुट, चने आदि भेंट किए गए। "गरिमा प्रोजेक्ट" के तहत मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम "झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो" अभियान के अंतर्गत सिद्धेश्वर मंदिर, मालवीय नगर में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीरा निधि खंडेलवाल ने महिलाओं व बालिकाओं को मासिक धर्म



**सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

से जुड़ी भ्रांतियों, वैज्ञानिक तथ्यों व स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में Apex के सहयोग से 50 सेनेटरी नैपकिन नि:शुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रमों में केंद्र सचिव वीरा सुधा खंडेलवाल, वीरा नीतू खंडेलवाल आदि वीरा बहनों की उपस्थिति रही।

## सीकर-झुंझुनू संभाग

### महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा सेवा, शिक्षा, पर्यावरण एवं रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन

#### "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान

16 जुलाई को वीर डॉ. जे.पी. बुगालिया के सान्निध्य में पोस्ट ऑफिस कॉलोनी में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत 140 पौधों





**वृक्षारोपण एवं नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण व डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

का रोपण किया गया। गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक-एक पौधा लगाया गया। संतुष्टि क्लिनिक द्वारा प्लास्टिक व ई-कचरे से बचाव पर जागरूकता भी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दड़िया ने किया।

#### नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण व डिप्लोमा वितरण

प्रधानमंत्री सुरक्षित महिला स्वावलंबन योजना के अंतर्गत 40 बालिकाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। सिंगर सिलाई कंपनी द्वारा ली गई परीक्षा में 15 बालिकाओं ने 70-85% अंक प्राप्त किए और उन्हें डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन वीरा शकुंतला पुरोहित, डॉ. नीरू खींचा व डॉ. अंजना माथुर ने किया।

#### रजत जयंती समारोह

संस्था की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक श्री राजेंद्र सिंह भांबू एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजीपी श्री प्रसन्ना कुमार खमेसरा रहे। वीरा डॉ. रश्मि सारस्वत ने 20 नए सदस्यों को शपथ दिलाई एवं 2 सिलाई मशीनें भेंट कीं। स्मारिका "कोहिनूर" का विमोचन हुआ। इस अवसर पर वीर पवन कुमार कुमावत को "महावीर सम्मान", वीरा रुक्मणी भेड़ा को "सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी महिला" एवं वीर डॉ. सतीश खींचा को "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीरा प्रियंका लांबा एवं मनीषा कुमावत ने किया।

#### सीमेंट बेंच स्थापना

12 अगस्त को वीर राजेंद्र कुमावत द्वारा अपने पिता स्वर्गीय बनवारी लाल कुमावत जी की स्मृति में दो सीमेंट बेंच हवाई पट्टी गेट पर लगवाई गई। इस नेक कार्य का उद्घाटन संस्था अध्यक्ष वीर सत्यदेव दड़िया ने किया। यह वर्ष की संस्था द्वारा लगाई गई 27वीं एवं 28वीं बेंच रही।

### महावीर इंटरनेशनल जसरापुर केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जसरापुर केंद्र** द्वारा चेयरमैन वीर शिवकुमार सुरोलिया की अध्यक्षता में 18 जुलाई को राजकीय प्राथमिक चिकित्सा



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

केंद्र, जसरापुर की टीम को नवजात शिशु सुरक्षा किटों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा केंद्र की टीम में डॉ. अनिता जी, डॉ. महेंद्र जी, महेश जी, सरोज जी, सविता जी, रिंकू जी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-श्रीमती धनपति देवी एवं संगीता देवी, केंद्र सचिव वीर महेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष वीर सुरेंद्र जांगिड़, सह-सचिव वीर राजेश कुमार जलंद्रा एवं सदस्यगण वीर रमाकांत पुजारी, वीर गिरधारी लाल पुजारी, वीर शंकर बोरा, वीर हेतराम सिराधना, अध्यापक सुरेंद्र कुमार जलंद्रा सहित अनेक ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र एवं वीरा केंद्र स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र एवं वीरा**

**केंद्र** द्वारा 15 अगस्त को उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर, माथुर कॉलोनी में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः 8:15 बजे झंडारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात बच्चों को मिठाई वितरित की गई। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिन्होंने सभी



**स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वीर सुरेश अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय करवाया। केंद्र चेयरमैन वीर सुभाष मिश्रा एवं वरिष्ठ सदस्य वीर महेश शर्मा ने बच्चों को ज्ञानवर्धक संबोधन देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सुचिता शर्मा ने सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीर सुभाष मिश्रा, वीर सनू मोदी, वीर सुरेश अग्रवाल, वीर महेश शर्मा, वीर गौरीशंकर पारीक, वीर राजेन्द्र पहाड़िया, वीर सुनील दीवान, वीरा किरण खेतान, वीरा कुसुम अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय (छावनी बाजार) के संयुक्त तत्वावधान में** केदारमल हलवाई स्मृति में अग्रवाल कटला, झुंझुनू में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 595 रोगियों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। स्वर्गीय त्रिलोक चंद जालान एवं भागीरथी देवी जालान की स्मृति में श्री श्याम सुंदर जालान के सहयोग से अन्नपूर्णा रसोई, इंदिरा नगर में जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। वीर डॉ. एस.के. भार्गव के सहयोग से एक जरूरतमंद परिवार को पानी की टंकी भेंट की गई। वीर नागरमल जांगिड़ के सौजन्य से आबूसर का बास स्थित शिव मंदिर परिसर में 105 फल एवं छायादार पेड़ लगाए गए, जिनकी देखभाल मंदिर समिति द्वारा की जाएगी। केंद्र की मासिक जनरल बोर्ड मीटिंग, होटल राजघराना में आयोजित की गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीज उत्सव, आगामी योजनाओं पर चर्चा के साथ स्वादिष्ट भोजन का आयोजन हुआ। श्रीमती अलका कंवर एवं मनोज सिंह पंवार के सौजन्य से गोपाल गौशाला, झुंझुनू





**निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं बेबी किट वितरण का आयोजन**

में गौमाताओं को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया। अतः अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता के तहत, श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सहयोग से भगवानदास खेतान अस्पताल, जनाना विंग में नवजात शिशुओं को 51 हाइजीनिक बेबी किट प्रदान किए गए। प्रसुताओं को संक्रमण से बचाव संबंधी जानकारी डॉ. प्रियंका द्वारा दी गई। वीर रमाकांत हलवाई, वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, वीर देवेंद्र कुमार गोड़, वीर कैलाश चंद्र शर्मा, वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर डॉ. मूल सिंह, सहायक वीर प्रमोद कुमार आदि वीर सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र सम्मान समारोह

**महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र** द्वारा सचिव, प्रसिद्ध कवि व शिक्षक वीर डॉ. अनिल




**सम्मान समारोह**

शर्मा 'अनमोल' को सुमन स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर लोकतंत्र सैनानी सज्जन कुमार अग्रवाल, संरक्षक वीर सेवाराम गुप्ता, चेयरमैन वीर मनोहर लाल जांगिड़, उपाध्यक्ष वीरा प्रिंसिपल मंजू ठोलिया मृदुला, सलाहकार प्रिंसिपल सुमन वर्मा, कोषाध्यक्ष वीरा मनीषा सैनी 'मन्नू' सहित पूरे महावीर इंटरनेशनल परिवार, सूरजगढ़ ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। बरासिया महाविद्यालय, सूरजगढ़ में आयोजित उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में केंद्र के पदाधिकारी डॉ. अनिल शर्मा 'अनमोल' (सचिव), वीरा मंजू ठोलिया मृदुला (उपाध्यक्ष) एवं वीरा मनीषा सैनी 'मन्नू' (कोषाध्यक्ष) ने संचालन दल में सक्रिय भूमिका निभाई।

## रीजन-3

### अजमेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 215 मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 28 मरीजों ने सेवा





एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर एवं नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल वितरण का आयोजन

का लाभ लिया। केंद्र द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण का मरीजों के परिजन की मांग पर वीर प्रेम कुमार जैन द्वारा बताए अनुसार घर पर उपयोग हेतु 16 जुलाई से 15 अगस्त तक उपलब्ध कराए गए उपकरण जैसे सर्जिकल बेड 44, पोट्टी चेयर 9, व्हीलचेयर 18, ऑक्सीजन सिलेंडर 17, वॉकर 26, एयर बेड-वाटर बेड 9, मैट्रिक्स 10, स्टिक्स 9, अन्य उपकरण 6, इस प्रकार इस माह में कुल 148 उपकरण विभिन्न व्यक्तियों को उपयोग हेतु दिए गए। अब तक कुल 7094 मरीजों को इन उपकरणों से लाभ पहुंचाया जा चुका हैं। 17 जुलाई को लॉरेंस डे मिडिल स्कूल, अजमेर में अध्ययनरत जरूरतमंद 50 विद्यार्थियों को स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता पत्नी एवं स्वर्गीय उमराव सिंह मुणोत की पुण्य स्मृति में स्टेशनरी (कॉपी, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं स्केल) वितरित की गई। 2 अगस्त को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर, अजमेर में अध्ययनरत जरूरतमंद 80 विद्यार्थियों को स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता पत्नी एवं स्वर्गीय उमराव सिंह मुणोत की स्मृति में स्टेशनरी (कॉपी, पेंसिल, रबर, शॉपनर एवं स्केल) वितरित की गई। वीर पदमचंद जैन महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र एवं मुंबई जोन की चेयरपर्सन वीरा सुमन जैन के सहयोग से श्री अभिषेक झावरिया जोकि 2 साल से न्यूरो डिसऑर्डर एवं शरीर के सीधे साइड में पैरालाइसिस के शिकार हैं को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गयी। वीरा अनुराधा जैन पत्नी वीर प्रशांत जैन ने कुमारी काजल सेन, विद्यार्थी मदर टेरेसा, सेकेंडरी स्कूल लोहा खान अजमेर की कक्षा दसवीं की छात्रा हैं उसकी सहायता के लिए रु.10,000 संस्था को उक्त छात्रा की फीस के लिए उपलब्ध कराने पर 4 अगस्त को चेक से राशि मदर टेरेसा स्कूल के नाम में जमा कर दी गई। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र सचिव वीर प्रभात सेठी, ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन, वीर नरेंद्र कुमार रांका, वीर मनीष सकलेचा, वीर मनोहर गोपाल इनाणी, वीर अनिल लोढ़ा, वीर बाबूलाल जैन, वीर एन.एस. कोठारी, वीर एस.के. शर्मा, अशोक कुमार डावरिया आदि गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल बोरावड़ केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बोरावड़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा बोरावड़ केंद्र** का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में संपन्न हुआ। समारोह में अजमेर संभाग के जोन सचिव वीर विजय कुमार चोरड़िया ने 2025-2027





वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कार्यकाल हेतु नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर वीर बालचंद बेताला, वीर रायचंद बोथरा, वीर रिखबचंद भंडारी, वीर मनोज कुमार अग्रवाल, वीर ओमप्रकाश झंवर एवं वीर राकेश खबाणी ने सभी वीर-वीराओं को पिन लगाकर सम्मानित किया। 13 अगस्त को "हरियालो बोरावड़" अभियान के अंतर्गत सघन वन की तर्ज पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। पौधों की सिंचाई हेतु ड्रिप सिस्टम (बूंद-बूंद पानी) की व्यवस्था की गई। इन अवसरों पर वीर गंगासिंह राजपुरोहित, वीर विजय चोरड़िया, वीर मगनाराम प्रजापत, वीर पृथ्वीराज प्रजापत एवं राजीव सोलंकी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र तीज के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा 26 जुलाई को मूक-बधिर विद्यालय में तीज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उल्लास के



तीज के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर वीर सोहनलाल शारदा वर्मा परिवार के सहयोग से बच्चों को मिठाई (घेवर), नमकीन वितरित की गई। साथ ही बच्चों को मेहंदी लगाई गई और सभी ने मिलकर नृत्य और गीतों के माध्यम से त्यौहार का आनंद लिया। इस आयोजन में वीर अशोक, वीरा सीता गंगवाल, सुश्री चहल गंगवाल, वीर नंदकिशोर, वीरा विजय कौर बीडसर, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश गंगवाल, केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, वीरा सुनीता गंगवाल सहित विद्यालय परिवार से सुश्री सुशीला चौहान, श्री अनिल पाल, धीरज सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। बच्चों ने पूरे मनोयोग से नाच-गाने में भाग लिया और खुशी के माहौल में त्यौहार का आनंद उठाया। संस्था गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सुभाष पहाड़िया एवं सुशीला मैडम ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को प्रेरणादायक बताया।

## महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अपनाघर (जहां बीमार, लाचार, असहाय और बेसहारा प्रभुजनों को आवास मिलता हैं) में 72 प्रभुजनों को तिलक लगाकर, राखी बांधकर, मिठाई खिलाकर एवं फलों का वितरण कर भाई-बहन के प्रेम का



**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

पर्व रक्षाबंधन उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस भावनात्मक आयोजन में वीरा केंद्र सचिव वीरा शारदा, वीर केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजीत पहाड़िया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीरा विजय कौर, वीर नंदकिशोर बिडसर, वीरा सुनीता, वीरा कोमल गंगवाल, वीरा सरला खटोड़, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर सम्पत बगड़िया, वीर सुरेंद्र सिंह दीप्पूरा, वीरा कौशल्या अग्रवाल, सेवादार प्रमुख श्री धनश्याम गुजर एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल राजश्री मकराना केंद्र जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल राजश्री मकराना केंद्र** द्वारा 24 जुलाई को हरियाली अमावस को



**जीव दया कार्यक्रम का आयोजन**

गोपाल गौशाला में जाकर गायों के चारा पानी के लिए रु.2500 दे कर आए। इस अवसर पर वीरा विजय बाफना, वीरा सुशीला, वीरा कांता, वीरा सरिता, वीरा निधि जैन सभी का सहयोग रहा।

# भीलवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र** द्वारा महावीर विश्रान्ति गृह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नेत्र जांच शिविर एवं पौधारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जोन चेयरमैन वीर कन्हैयालाल बोरदिया एवं तेरापंथ प्रोफेशनल्स के सान्निध्य में मिशन दृष्टि मेगा आई कैम्प के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों की नेत्र जांच डॉ. कोमल द्वारा की गई। इसी क्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रायपुर के निर्देशन में पौधारोपण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था के संयुक्त सचिव वीर अनिल सालवी ने कैंसर उपचार हेतु रु.31,000 की सहयोग राशि



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरलाल देरासरिया ने की एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री नरोत्तम दाधीच विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत भगवान महावीर पार्क, रायपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रायपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संरक्षक वीर कन्हैयालाल बोरदिया ने पार्क के ऐतिहासिक विकास की जानकारी दी और बताया कि पार्क का विकास विभिन्न सरपंचों एवं उपसरपंचों के कार्यकाल में क्रमबद्ध रूप से हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं पार्क का पुर्नविकास था। महावीर इंटरनेशनल द्वारा भामाशाहों से इस पुनीत कार्य में सहयोग की अपील भी की गई। आयोजनों में संयोजक वीर सुनील सिसोदिया, गंगापुर केंद्र चेयरमैन वीर लादू लाल मेहता, वीर जगदीश काबरा, वीर राधेश्याम काबरा, कोऑर्डिनेटर वीर नवीन कुमार बाबेल, वीर कैलाश रावल, वीर सत्यनारायण दाधीच, वीर प्रवीण नवलखा, पीईईओ श्री रमेश चांवला, प्राचार्या दीपाली लखावत, श्री नवीन कुमार बाबेल, श्री भानाशाह कुमावत, श्री नंगजी माली,

पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा सुखलेचा, श्री राधेश्याम काबरा, श्री जानकीलाल त्रिपाठी, श्री कैलाश रावल एवं श्री पवन कुमार काबरा सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा
## सक्रिय महिलाओं को सम्मानित करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 7 अगस्त को सेवा कार्यों में सक्रिय महिलाओं को सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम सिटी) प्रतिभा देवठिया ने की। उनके साथ मंच पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, ट्रस्टी वीरा बलवीर देवी चोरड़िया, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़ एवं जोन सचिव वीरा चन्द्रा रांका उपस्थित रही। सभी अतिथियों का स्वागत उपरणा व उपहार देकर किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बापना के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना द्वारा साड़ी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की सक्रिय सदस्यों – वीरा उषा डोसी, वीरा पवन जीरावाला, वीरा अलका गर्ग, वीरा नीलू दासोत, वीरा आभा जाजू सहित वीरा अर्चना सोनी, वीरा निशा सोनी, वीरा लीला



**सक्रिय महिलाओं को सम्मानित करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

राठी, वीरा सुमन अग्रवाल एवं सचिव वीरा कला कुदाल आदि को भी प्रोजेक्ट्स में योगदान हेतु उपहार व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। 6 अगस्त को केंद्र सदस्या वीरा आभा जाजू एवं उनके पति श्री आलोक जाजू द्वारा काशीपुरी स्थित श्याम बाबा मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति से छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बापना ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में कुल 62 किलो भोग सामग्री अर्पित की गई, जिसमें 20 किलो मिठाई, 25 किलो नमकीन, 5 किलो फल, 8 किलो सूखे मेवे (काजू, किशमिश, बादाम, गुड़, मिश्री, लौंग, इलायची, अखरोट आदि) शामिल थे। भोग अर्पण के पश्चात संगीतमय श्याम भजनों का रसपान किया गया एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस पुण्य कार्य हेतु वीरा मंजू पोखरना ने जाजू परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके धार्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। आयोजन पर कुल रु. 25,000 का व्यय हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
## जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा द्वारा 17 जुलाई को हेलन केलर मुखबधिर विद्यालय, अशोकनगर में विद्यार्थियों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। बच्चों ने सुंदर कविताओं की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस सेवा कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग वीरा श्वेता महेश्वरी द्वारा प्रदान किया गया। 4 अगस्त को जीव दया प्रकोष्ठ के अंतर्गत रामधाम गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रावण मास के पुण्य अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी की डायरेक्टर वीरा विजया बम्ब के सान्निध्य में गौमाताओं को हरा चारा अर्पित किया गया। यह सेवा कार्य वीरा रेखा महेश्वरी के सौजन्य से संपन्न हुआ। 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस हेलन केलर विशेष विद्यालय, अशोकनगर में विद्यार्थियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। झंडारोहण केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी एवं संरक्षक वीरा प्रतिभा मेहता द्वारा किया गया। बच्चों ने पी.टी. एवं देशभक्ति गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां दी, जिनकी सभी ने सराहना की। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें




**जीव दया कार्यक्रम का आयोजन**

विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय को बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 2 पंखे भेंट किए गए तथा फल एवं बिस्कुट वितरण भी किया गया। इन अवसरों पर उपाध्यक्ष प्रह्लाद अजमेरा, कोषाध्यक्ष किशोर जैन, लायंस क्लब अध्यक्ष पवन पवार, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी, सचिव वीरा ललिता जैन, पूर्व चेसरपर्सन वीरा सुशीला आंचलिया, उपाध्यक्ष वीरा हंसा छाजेड़, वीरा सरिता जैन, वीरा मनीषा अजमेरा, वीरा श्वेता महेश्वरी, वीरा वीना अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
## कच्ची बस्ती में हर घर तिरंगा अभियान

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा कार्यकारिणी बैठक एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना ने की। इसमें संगठन की गतिविधियों, आगामी सामाजिक कार्यक्रमों तथा सेवा प्रकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीरा किरण बाफना ने आगामी परियोजनाओं – स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं रक्षासूत्र वितरण की रूपरेखा प्रस्तुत की और इनके क्रियान्वयन को लेकर सदस्यों से विचार-विमर्श किया। रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में केंद्र द्वारा शास्त्री नगर स्थित एनसीसी ऑफिस में एनसीसी कैडेट्स को रक्षासूत्र बांध कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना ने किया।



**कच्ची बस्ती में हर घर तिरंगा अभियान**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रामधाम के पास स्थित कच्ची बस्ती में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को तिरंगा ध्वज वितरित किए गए एवं स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का संदेश दिया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना, सहमंत्री वीरा दीपिका पाटनी, संरक्षिका वीरा साधना भंडारी, कार्यकारिणी सदस्य वीरा वंदना पालीवाल, वीरा प्रीति सिंघावत, वीरा सुमता जैन, वीरा सपना जैन, वीरा मोनिका खारीवाल, वीरा चांदनी वैष्णव, वीरा पूजा जैन, वीरा विजया मेहता, वीरा पिंकी सोनी, वीरा भावना जैन, वीरा सोनिया वैष्णव, वीरा अंजलि नागौरी, वीरा सीमा जैन, वीरा पूनम नायक आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रही।

## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र, ब्यावर
### विशाल हृदय एवं किडनी रोग शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र, ब्यावर** द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करते हुए निःशुल्क हृदय रोग, किडनी रोग, स्पाइन एवं अस्थि रोग शिविरों का आयोजन किया गया। महावीरचंद रांका परिवार एवं मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर के सहयोग से विशाल हृदय एवं किडनी रोग शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने 50 मरीजों को परामर्श प्रदान किया तथा किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक यादव ने 45 मरीजों की जांच की। सभी मरीजों की बी.पी., शुगर की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें 15 मरीजों की ई.सी.जी. जांच भी की गई। कार्यक्रम में भामाशाहों एवं चिकित्सकों का शॉल व माला पहनाकर सम्मान किया गया एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। 29 जुलाई को मरुधरा हॉस्पिटल, जोधपुर के सहयोग से महावीर चिकित्सा सेवा संस्थान, हाउसिंग बोर्ड में स्पाइन एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 22 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। केंद्र द्वारा तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन 3 अगस्त से 5 अगस्त को किया गया जिसमें 45 मरीजों का पंजीकरण किया गया डॉ. सी.एल. परिहार द्वारा 35 मरीजों को परामर्श, 25 मरीजों की बी.पी., 18 की शुगर एवं 4 की ई.सी.जी. जांच, स्टर्लिंग हॉस्पिटल, अहमदाबाद के डॉ. हिमांश माथुर द्वारा 25 मरीजों को परामर्श, डॉ. पंकज जिंदल (मरुधरा हॉस्पिटल, जोधपुर) द्वारा 25 मरीजों को परामर्श दिया गया। इन शिविरों में वीर सुशील छाजेड़ (संरक्षक), वीर आशीष डोसी (सचिव), वीर गौतम कुमट (उपाध्यक्ष), वीर संजय चोरड़िया (सह सचिव), वीर गणेशमल पीपाड़ा (सह कोषाध्यक्ष), वीर प्रीतम सिंह तातेड, वीर अंकित कावड़िया, डॉ. सी.एल. परिहार, वीर अशोक बाबेल, वीर नरेश बंसल, वीर मुरली मनोहर जैन, वीर मुरलीधर छिपा, डॉ. बी.सी. सोढ़ी (संस्थापक) सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।



**विशाल हृदय एवं किडनी रोग शिविर का आयोजन**

### महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बिजयनगर
### बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बिजयनगर** द्वारा सरकारी अस्पताल बिजयनगर, चरणभुजा अस्पताल तथा श्रीनाथ अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिंघवी, सचिव वीरा आशा चोरड़िया तथा सभी वीरा सदस्यगण उपस्थित रहे।



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

## चित्तौड़गढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र
### निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र** द्वारा 26 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 160 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, उपाध्यक्ष वीर सी.एम. रांका, सचिव वीर सी.पी. जैन, शिविर प्रभारी वीर नवनीत मोदी, वीर अभय संजेती सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं सेवाएं प्रदान की। शिविर में नेत्र परीक्षण: 87 मरीजों का परीक्षण एवं उपचार, निःशुल्क औषधियां: 24 नेत्र रोगियों को वितरित, रक्तचाप जांच: 36 मरीज, ब्लड शुगर जांच: 37 मरीज, कुल ओपीडी: 160 मरीज, मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु



निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

चयनः 37 मरीज। उपयुक्त परीक्षण के पश्चात चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय, चित्तौड़गढ़ में नेत्र सर्जन डॉ. प्रतिष्ठा छिपा एवं उनकी टीम द्वारा पूर्णतः निःशुल्क किए जाएंगे।

### महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र
### बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र** द्वारा राजकीय अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट वितरित किए गए।



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

## रीजन-4

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली चिकित्सा सेवा शिविर श्रृंखला के अंतर्गत 26 जुलाई को एक दिवसीय अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण ओपीडी शिविर का आयोजन संस्था के रोग निदान केंद्र पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में जीबीएच जनरल एंड कैंसर हॉस्पिटल, उदयपुर के वरिष्ठ अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सेवाएं प्रदान की। केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन ने बताया कि शिविर में कुल 17 मरीजों ने परामर्श प्राप्त किया। 8 मरीजों की घुटना प्रत्यारोपण पश्चात फॉलोअप जांच की गई। 3 नए मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण हेतु सलाह दी गई। शेष मरीजों को सामान्य परामर्श दिया गया। 27 जुलाई को दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन भी रोग निदान केंद्र पर किया गया, जिसमें भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, उदयपुर के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम ने सेवाएं दी। कुल 12 दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण प्रदान किए गए, 1 को घुटनों के ऊपर का कृत्रिम पैर, 3 को जयपुर फुट, 3 को कैलीपर, 4 को बैसाखियां, 1 बैसाखी की मरम्मत कर उपयोग हेतु दी गई। शिविरों में जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, जोन कोषाध्यक्ष वीर नीरव जैन, वीर रविंद्र जैन (उपाध्यक्ष), वीर अशोक दोसी (कोषाध्यक्ष), वीर संजय गांधी (सह सचिव), वीर शरत सरैया, वीर संजय गांधी, वीर अविचल कोटड़िया, वीर हर्षवर्धन जैन, वीर राजेश डेंडू, वीर धर्मेश गांधी, वीर राजेश गोठी जैन, वीर केसु नागदा, वीर अभिषेक कोटड़िया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे एवं सहयोग प्रदान किया।



दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय, पिंडारमा में जीवन रक्षक किट वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रधानाचार्य गंभीरचंद डोडियार एवं समाजसेवी प्रदीप जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बांसवाड़ा-डूंगरपुर जोन सचिव वीर विनोद दोसी, सचिव वीर कैलाश पंचोरी, वीर जगजी कटारा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय स्टॉफ को जीवन रक्षक किट वितरित की गई। कार्यक्रम संचालन शारीरिक शिक्षक किशोर त्रिवेदी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन उप प्रधानाचार्य दिलीप कुमार द्वारा किया गया। इन अवसरों पर विद्यालय प्रधानाचार्य गंभीरचंद डोडियार,



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

शारीरिक शिक्षक किशोर त्रिवेदी, नरेश पाटीदार, कल्याण सिंह, अरविंद त्रिवेदी, राजेंद्र पाटीदार, नारायण पाटीदार, मुकेश सुथार, अंजू बारिया, नीरज पाटीदार एवं हिमेश आदि स्टॉफ सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अंतर्गत मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य को समर्पित सेवा कार्यक्रम का आयोजन एम. जी. हॉस्पिटल, मदर मिल्क बैंक एवं एमएनसीयू वार्ड में किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजन चरपोटा, डॉ. कांतिलाल मईड़ा (मदर मिल्क बैंक इंचार्ज), एवं प्रद्युम्न जैन (एमएनसीयू वार्ड इंचार्ज) के



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि धात्री माताओं को पोषण सामग्री की 30 पोटलियां वितरित की गई, जिनमें मखाने, सूखे मेवे, दलिया, मूंगफली, गुड़ आदि दिए। नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट्स भी वितरित किए गए। साथ ही दूध दान करने वाली माताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में बरखा हंसा सिसोदिया, पूनम शर्मा, विष्णु कुमार, सिमरन जोन, आशू धीरावत ने स्तनपान जागरूकता में सहयोग किया। केंद्र द्वारा राधा स्वामी महिला सोसाइटी, जयपुर द्वारा संचालित मानसिक पुनर्वास गृह एवं बालगृह, कालिका माता रोड में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के साथ हनुमान चालीसा पाठ से हुई। वीरा बहनों ने 40 विमंदित बच्चों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई, फल, बिस्कुट एवं चिप्स वितरित किए। कांता भाटी ने अपने पुत्र नरेंद्र सिंह का जन्मदिन बच्चों से केक कटवाकर मनाया। बच्चों ने "राम आएंगे" भजन पर नृत्य कर माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप रोकडिया, उपाध्यक्ष वीरा पूनम सोतानी, वीरा उषा मखीजा, वीरा संध्या लोकवानी, वीरा दर्शिका दोसी, वीरा पूनम सोतानी, वीरा कांता भाटी, वीरा ऋषिकन्या व्यास, वीरा आशा मित्तल, वीरा हेमलता ओझा, वीरा अनीता रोकडिया, वीरा भारती तलरेजा, वीरा अर्चना नानावटी सहित कई सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा भोईवाड़ा क्षेत्र में नि:शुल्क जीवन रक्षक किट का वितरण किया गया। यह किट अचानक हृदय में दर्द एवं घबराहट जैसी आपात स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने में सहायक हैं। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी ने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 90 से अधिक किटों का वितरण किया जा चुका हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, वीरा रेखा गोठी, वीरा आशा वोरा, वीरा हिरुषा शाह, वीरा ममता भट्ट सहित अन्य सदस्य





**जीवन रक्षक किट एवं पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

उपस्थित रही। "प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी" कार्यक्रम के तहत केंद्र द्वारा भोईवाड़ा आंगनवाड़ी केंद्र में 8 गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार वितरित किया गया। यह वितरण वीरा सरोज शाह के सहयोग से सम्पन्न हुआ। महिलाओं को घी, गुड़, दलिया, दाल, नारियल गोला, परमल व बिस्कुट आदि पोषक सामग्री दी गई। 4 अगस्त को वात्सल्य प्रोजेक्ट के तहत मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में नवजात शिशुओं के लिए बीब्स (लारिया) एवं माताओं के लिए 25 वस्त्रों का वितरण किया गया। यह वितरण भामाशाह सहयोग एवं संस्था की ओर से हर माह संचालित सेवा योजना के तहत किया गया। इन अवसरों पर सामान्य चिकित्सालय के मेल नर्स राकेश शर्मा, केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, सचिव वीरा पुष्पक जैन, कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, वीरा रेखा गोठी, वीरा ममता भट्ट, वीरा मीना जैन, वीरा सुषमा जैन, वीरा सरोज शाह, वीरा आशा वोरा, वीरा हिरुषा शाह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला भोई उपस्थित रही।

# राजसमंद संभाग

## महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र शिक्षण सामग्री (नोटबुक) वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा 13 अगस्त को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रिछोलिया में अध्ययनरत लगभग 30 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री (नोटबुक) का वितरण



**शिक्षण सामग्री ( नोटबुक ) वितरण कार्यक्रम**

किया गया। इस अवसर पर बच्चों को केले व मिठाई भी वितरित की गई। साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता शर्मा को महावीर प्रवाह की ई-चौपाल अंक की प्रति भेंट कर संस्था के विविध सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए प्लास्टिक थैलियों के उपयोग से बचने की अपील की गई। शिक्षण सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, सचिव वीरा अर्चना अग्रवाल, को-ऑर्डिनेटर वीरा संतोष मारवाड़ी, संरक्षक वीर राजेश मारवाड़ी एवं वीर बृजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र
## नि:शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र एवं भारत विकास परिषद श्रीनाथजी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में** 21-22 जुलाई को नाथद्वारा स्थित स्वामीनारायण धर्मशाला (बस स्टैंड) में दो दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का भव्य आयोजन हुआ। इस शिविर में 200 से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में नई गति और आत्मनिर्भरता का संचार हुआ। शिविर में कृत्रिम पैर, हाथ (कोहनी तक), ट्राईसाइकिल, बैसाखियां, श्रवण यंत्र (कान की मशीनें) एवं कैलिपर्स जैसे महत्वपूर्ण उपकरण विशेषज्ञों की देखरेख में वितरित किए गए। इस शिविर का शुभारंभ भाविप के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री सतीश तापड़िया, जिला समन्वयक नवीन असावा, दिनेश मित्तल, जोन चेयरमैन वीर संपत लोढ़ा एवं वीरा अरुणा जैन के कर-कमलों से हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़, जोन अध्यक्ष वीर संपत लाल लोढ़ा, केंद्र चेयरमैन वीर धर्मेश बापना, नाथद्वारा केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, रीजनल सचिव वीर संदीप बाल्दी, प्रकल्प प्रभारी वीरा रेखा जैन, वीर डॉ. के.एल. परमार, नाथद्वारा नगरपालिका आयुक्त श्री सौरभ जिंदल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,



**नि:शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन**

राजस्थान सरकार के उपनिदेशक दीपेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष दिनेश एम. जोशी, तेरापंथ महासभा सदस्य रमेश जैन, मंत्री बच्चू भाई कोठारी, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष मंजू, सकल जैन समाज अध्यक्ष ईश्वर, मंत्री सौरभ लोढ़ा, मदन मुनि पथिक विहार धाम अध्यक्ष मांगीलाल लोढ़ा, कोषाध्यक्ष लोकेश धाकड़, ख्याली लाल सिंघवी व कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद** द्वारा वीरा स्नेहलता नवाल के सौजन्य से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में स्थानीय वृद्धाश्रम



**पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को रक्षा सूत्र बांधे गए तथा फल, मिठाई एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वीरा तारा पगारिया, वीरा सबर चोरड़िया, वीरा मधु शोभावत, वीरा पुष्पा मालू, वीरा मीना सोनी, वीरा दीपा जैन की सक्रिय सहभागिता रही। वृद्धाश्रम के मैनेजर श्री सुभाष जी एवं कार्यकर्ता चेतना रेगर ने केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

# उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र** द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय श्री राम गौशाला में गौधन को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर गौशाला संचालन समिति



के अध्यक्ष श्री शंकरलाल पंचाल एवं गौशाला संचालक महाराज श्री राजू गिरी को 31 किलो दलिया एवं 31 किलो गुड़ सुपुर्द किया गया। वर्तमान में श्री राम गौशाला में कुल 25 गौधन की सेवा की जा रही हैं। केंद्र उपाध्यक्ष वीर पुष्कर जैन ने जानकारी दी कि यह सामग्री बद्री नारायण एंड ब्रदर्स फर्म के मालिक श्री बद्री नारायण कलाल के सौजन्य से केंद्र को प्राप्त हुई। केंद्र सचिव वीर जितेन्द्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर मुकेश कलाल, संरक्षक वीर दिनेश जैन, पूर्व चेयरमैन वीर बसंत जैन, पूर्व सचिव वीर नरेश अग्रवाल एवं वीर कमल प्रकाश जैन, संयुक्त सचिव वीर दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष वीर अल्पेश जैन, सदस्यगण वीर अर्जुनलाल पंचाल, वीर किशोर दवे, वीरा टीना आदि की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र** द्वारा चिरवा स्थित चरक उपवन में हरियाली सेवा प्रकल्प के तहत 7 फिट ऊंचे आंवला, अमरूद, जामुन, नीम व मोहगनी के बारह पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अशोक शर्मा (प्राचार्य, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय) व अध्यक्ष डॉ. राजेश मिश्रा (इंचार्ज, चरक उपवन) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सुभाष झा, नरेन्द्र हिंगड़, डॉ. राकेश शर्मा व डॉ. राकेश नागरवाल रहे। इस दौरान केंद्र की अध्यक्ष वीरा डॉ. हंसा हिंगड़, केंद्र सचिव वीरा सुमन भण्डारी, वीरा ललिता बापना एवं अन्य केंद्र सदस्य उपस्थित रहे।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा 27 जुलाई को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

बच्छासर के समीप स्थित चावड़ा बस्ती के पास नववैदिक गांव में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य स्तरीय वन महोत्सव के तहत ऋषभ फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंवला, नीम, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 200 पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ नववैदिक गांव के कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र चेयरमैन वीर नरेंद्र सुराणा ने की। कार्यक्रम में केंद्र सचिव वीर संतोष बांठिया के साथ-साथ कई गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व महापौर श्री नारायण चौपड़ा, अजीतमल, प्रवीण मित्तल, सुरेंद्र जैन, अशोक सुराणा, डॉ. पी.एन. अरोड़ा, मेघराज बोथरा, संतोष जैन, धरमचंद सेठिया, गजेंद्र सुराणा, कौनिक सेठिया, सिद्धार्थ सुराणा, महेंद्र सेठिया, श्रीमती संतोष सुराणा, नीता कोठारी, तिरुपति पुगलिया एवं नवीन प्रमुख रूप से शामिल रहे। नववैदिक गांव की ओर से निर्मल बरड़िया एवं अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी पौधारोपण में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण जैसे नेक कार्य को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र कैरियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल सत्र का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** द्वारा 26 जुलाई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानदेसर, महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा आदर्श शिक्षा निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कैरियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात प्रेरक वक्ता एवं कैरियर गाइड डॉ. चक्रवर्ती श्रीमाली ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण एवं कैरियर चयन से संबंधित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने पारंपरिक विकल्पों के साथ-साथ नवीन और उभरते कैरियर क्षेत्रों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उनके प्रेरणादायक उद्बोधन ने विद्यार्थियों को नई दिशा एवं सोच प्रदान की। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा,



**कैरियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल सत्र का आयोजन**

सचिव वीर चंद्रकुमार राखेचा, वीर के.एल. बोथरा (एडवोकेट), वीर कल्याणजी चोपड़ा, वीर त्रिलोकचंद बाफना एवं वीर बच्छराज रांका उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना गुप्ता (सुजानदेसर) एवं श्रीमती अंशु जैन (अंग्रेजी माध्यम विद्यालय) ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्रीमाली को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। केंद्र द्वारा वीर टोडरमल चोपड़ा, सचिव वीर चंद्रकुमार राखेचा एवं वीर त्रिलोकचंद बाफना की उपस्थिति में नियमित प्रकल्प "जीवदया" के अंतर्गत वीर मनीष सिंघी के सौजन्य से स्थानीय नन्दि गौशाला, नोखा रोड पर 5 मण चारा डलवाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा जुलाई माह में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर, होम्योपैथी





**वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन**

व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस में बीपीएल एवं नि:शक्त जनों को नि:शुल्क सेवा प्रदान की गई। शिविर में फिजियोथैरेपी: 1093, एम्बुलेंस: 17। 21 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सेंगाल धोरा मंदिर परिसर में 80 छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम पूर्व सरपंच भूपेन्द्र सिंह बीदावत की देखरेख में संपन्न हुआ, जहां मंदिर ट्रस्ट के सेवादारों ने इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली। 25 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल की "घर-घर वृक्षारोपण योजना" के अंतर्गत राजकीय बाबा छोटूनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय में 200 पौधे विद्यार्थियों को वितरित किए गए। सदस्य वीर सीकरचंद पींचा ने बताया कि योजना के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर एवं सावित्री देवी गट्टानी बालिका विद्यालय में 500 पौधे तथा 300 पौधे आमजन को वितरित किए गए। इस प्रकार कुल 1000 पौधों का वितरण किया गया। केंद्र की मासिक बैठक चेयरमैन वीर सुरेन्द्रकुमार हीरावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि फिजियोथैरेपी सेंटर से 1050 रोगियों ने लाभ लिया और वर्षाकाल में 2600 पौधे लगाए एवं वितरित किए गए। कोषाध्यक्ष वीर रामेश्वरलाल छींपा ने आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। 13 अगस्त को बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित 'शहीदों को नमन' व 'इबादत इतिहास की' कार्यक्रम में केंद्र को समाजसेवा हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी संगठन के अध्यक्ष श्री मनिंदरजीत सिंह बिट्टा, संभागीय आयुक्त श्री विश्राम मीणा (आईएएस), शिवबाड़ी मठ के महंत विमर्शा नंदगिरी जी एवं जिला उद्योग संघ अध्यक्ष श्री द्वारकाप्रसाद पचिसीया द्वारा केंद्र चेयरमैन वीर सुरेन्द्रकुमार हीरावत को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंध विद्यालय के छात्रों एवं सेंट्रल जेल के बंदियों द्वारा देशभक्ति प्रस्तुतियां दी गई, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। इन अवसरों पर रीजनल सचिव वीर राजेन्द्रसिंह राठौड़, गवर्निंग काउंसिल सदस्य डॉ. एम.पी. तिवाड़ी, केंद्र चेयरमैन वीर सुरेन्द्रकुमार हीरावत, उपाध्यक्ष वीर अनिल जैन, कोषाध्यक्ष वीर रामेश्वरलाल छींपा, वीर ईश्वरचंद दूगड़, वीर डॉ. एम.पी. तिवाड़ी, वीर किशनलाल कांकरिया, वीर ईश्वरचंद दूगड़, वीर मोहनलाल पारख, वीर अनिल जैन, वीर निर्मलकुमार भूरा, यूथ केंद्र सदस्यगण एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय आयुर्वेद औषधालय, ग्राम बिरधवाल स्टेशन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा के अनुसार केंद्र द्वारा नीम, नींबू, जामुन, अमलतास, करंज, खेजड़ी, पारिजात, सहजना सहित विभिन्न प्रजातियों के कुल 50 पौधे औषधालय परिसर में रोपित किए गए। औषधालय प्रभारी एवं संस्था सदस्य उपवेद्य चंद्र सिंह चौधरी और परिचारक वीर विजय सिंह ने इन पौधों की देखभाल का जिम्मा स्वयं लिया हैं, जिससे पौधों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित हो सके। केंद्र द्वारा पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 253 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए।

केंद्र द्वारा अपने रजत जयन्ती के उपलक्ष्य में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक वीर अमन रांका व वीर विवेक सैनी के अनुसार यह सद्भावना दौड़ बाई पास रोड पर स्थित करणी माता मन्दिर से प्रारम्भ हुई और सैनी गार्डन के पास से होते हुए हनुमान मन्दिर तक एवं वहां से वापस करणी माता मन्दिर पर सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न संस्थाओं के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं व शहर के नागरिकों ने भाग लिया। सद्भावना दौड़ को इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षय भंसाली व बीकानेर जोन चेयरमैन वीर संजय बैद एवं ब्रह्मकुमारी की बी.के. रानी बहिन ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। पूर्व विधायक अशोक नागपाल, सुशील कुमार जेतली, सेवानिवृत इंजीनियर रमेश चन्द्र माथुर, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झंवर, केंद्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने सभी को शुभकामनायें दी। केंद्र सचिव वीर राजेश वर्मा के अनुसार पुरूष वर्ग में जसवन्त पुत्र पूर्णाराम ने प्रथम, सोढ़ी पुत्र ओम प्रकाश ने द्वितीय व रामू पुत्र मनीराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला





**वृक्षारोपण एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

वर्ग में रिया पुत्री महेन्द्र कुमार ने प्रथम, दीक्षा पुत्री हंसराज ने द्वितीय व विमला पुत्री चुन्नीराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पुरूष वर्ग में प्रथम 40 व महिला वर्ग में प्रथम 10 विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मण्डल में मनीराम बाजिया, संजीव भारद्वाज व सुभाष खिलेरी शामिल रहे। एवरग्रीन अकादमी के कोच गुरु प्रेम सिंह मान के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। यातायात प्रभारी मूल सिंह शेखावत के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला। नरेन्द्र चाहर, अजय चौहान, सलीम पठान सहित महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र के कोषाध्यक्ष वीर चन्द्रेश सेठिया, उपाध्यक्ष वीर बाबू खान, वीर नत्थूराम कलवासिया, वीर सुरेश सिडाना, वीर नीरज डांग, वीर कालूराम बिश्नोई, वीर चन्द्रसिंह चौधरी, वीर सोहनलाल ढ़ाका, वीर लालचन्द वर्मा, वीर रामपाल रोकणा, वीर विकास पारीक ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग किया। अन्त में सभी ने अल्पाहार ग्रहण किया।

केंद्र द्वारा अपने 25वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सम्भागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद के सानिध्य में उपजिला चिकित्सालय, सूरतगढ़ में नवजात शिशुओं के लिए 200 हाईजीनिक बेबी किट भेंट की गयी एवं भर्ती रोगियों को फल व बिस्कुट वितरित किए गए। केंद्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र की स्थापना 13 अगस्त 2000 को हुई थी। केंद्र ने जनसहयोग से अपने सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं, इसलिए केंद्र इस वर्ष को रजत जयन्ती वर्ष के रूप में मना रहा हैं। इस अवसर पर उपस्थित डॉ. शैलेन्द्र सिंह व डॉ. मांगी लाल लेघा ने केंद्र के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए रजत जयन्ती के अवसर पर सभी सदस्यों को बधाई दी एवं आगे भी इसी तरह सहयोग करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर प्रसूता प्रभारी किरण, नर सेवा नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय कटारिया सहित महावीर इंटरनेशनल के संभागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, वीर नीरज डांग, कोषाध्यक्ष वीर चन्द्रेश सेठिया, वीर पूर्णराम वर्मा, वीर रामपाल रोकणा आदि उपस्थित थे। केंद्र द्वारा उपजिला चिकित्सालय में नियमित रूप से बेबी किट का सहयोग करने के कारण चिकित्सालय प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर केंद्र को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र** द्वारा "प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी" परियोजना के तहत चार





**कैंसर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन एवं दवाईयां वितरण कार्यक्रम**

गर्भवती महिलाओं–दीपिका, गुंजन, अनीता व जया को पोषण आहार वितरित किया गया। आहार किट में ताल मखाना, बादाम, चना, सूजी, गुड़, सौंफ, मिश्री व मूंग दाल दिए गए। 19 जुलाई को हंस गेस्ट हाउस, बीकानेर में कैंसर जागरूकता संगोष्ठी एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. जितेन्द्र नागल ने कैंसर के लक्षण, कारण व बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। महिलाओं के लिए डॉ. संतोष सुथार के निर्देशन में नि:शुल्क पैप स्मीयर टैस्ट शिविर भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं को-डायरेक्टर मेडिकल हेल्थ वीरा डॉ. आशु मलिक रहे। 20 जुलाई को संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किलचू गांव, कल्याणसर मार्ग पर 2578 छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए। नीम, शीशम, सहजन, अंजीर, चीकू, अशोक, सफेदा, केरिया आदि प्रजातियों के पौधारोपण के साथ 50 बर्ड फीडर भी लगाए गए। इस पहल में आर्थिक सहयोग श्रेयांश जैन व वीरा भारती गहलोत ने किया। 21 जुलाई को दृष्टिबाधित विद्यालय में विशेष नाश्ता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 30 छात्रों को समोसा व आइसक्रीम वितरित की गई। 22 जुलाई को नोखा रोड स्थित नंदी गौशाला में गौवंश स्वास्थ्य व पोषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा दवाईयां एवं पोषण सामग्री वितरित की गई। उक्त अवसरों पर जोन सचिव वीरा रेनू गुजरानी, केंद्र चेयरपर्सन वीरा श्रुति बोथरा, सचिव वीरा मनीषा डागा, कोषाध्यक्ष वीरा मिथिला भूरा, वीरा रितु गौड़, वीरा संगीता कोठारी एवं वीरा अंजु कोचर सहित कई वीरा सदस्याओं की उपस्थिति रही।



## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र हनुमानगढ़
## माहवारी स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र हनुमानगढ़** द्वारा घरेलू सहायिकाओं के लिए एक विशेष



**माहवारी स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माहवारी स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का नि:शुल्क वितरण भी किया गया।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर
## नि:शुल्क नेत्र एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर तथा ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में** 20 जुलाई को राजकीय औषधालय, सतीबाला, रतनाड़ा, जोधपुर में नि:शुल्क नेत्र एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 4 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 3 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी उपस्थित व्यक्तियों की शुगर और बीपी की जांच भी की गई। इस अवसर पर वीर जे.एम. कुम्भट, सुधा गर्ग, राजीव सक्सेना, पुष्पा कुम्भट एवं गीता जोशी उपस्थित रहे। चयनित मरीजों के ऑपरेशन ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय, जोधपुर में डॉ. संजीव देसाई एवं डॉ. राजीव देसाई द्वारा किए जाएंगे।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा जुलाई माह के अंतर्गत 16 जुलाई को वीरा लीला लोहिया द्वारा अपना घर आश्रम में 225 जरूरतमंदों को एक समय का भोजन कराया गया। वीरा गीतांजलि राठौड़ ने उनके पति की पुण्यतिथि के अवसर पर एक निर्धन महिला को खाद्य सामग्री वितरित की। रा.उ. माध्यमिक विद्यालय, शास्त्री नगर विशिष्ट पूर्व में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली अपेक्स के उपकरणों एवं चक्षु चिकित्सा सेवा समिति की तकनीकी टीम द्वारा लगभग 150 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई। इसके साथ ही कक्षा 4, 5 और 6 के बच्चों को नि:शुल्क कॉपियों का वितरण किया गया तथा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" रैली के तहत कपड़े की थैलियों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई। 24 जुलाई को जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी, वीरा माया भंसाली एवं वीरा कंचन सराफ द्वारा शारदा गौशाला में गौवंश को चारा एवं लापसी खिलाई गई। वीरा सुधा धारीवाल द्वारा वीणा बुटीक सिलाई केंद्र में 4 स्टूल प्रदान किए गए। 25





**वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं स्थापना दिवस व जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन**

जुलाई को हरियाली अमावस्या के अवसर पर वीरा चेतना शाह, वीरा गीतांजलि राठौड़ व वीरा जोशना भंडारी द्वारा शिकारगढ़ में नीम, शीशम, अशोक, केला, जामुन, गुलमोहर, चंपा सहित 21 पौधे लगाए गए। वीरा नीलम मेहता द्वारा अनुबंध ओल्ड ऐज होम में 100 बुजुर्गों को भोजन करवाया गया। महावीर इंटरनेशनल जोधपुर के 43वें स्थापना दिवस व जोधपुर जोन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन, जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी, रीजन उपाध्यक्ष वीर अनिल बाठिया व चेयरमैन वीर जगदीश गांधी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जोधाबाई केंद्र की चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन को "बेस्ट अवॉर्ड" प्रदान किया गया। मंच संचालन सचिव वीर अरुण मोहनोत द्वारा किया गया। वीरा शांता मेहता द्वारा डॉ. मनोहर शिक्षण संस्थान के कक्षा 10 के एक निर्धन छात्र की पूरी वर्ष की फीस रु.17,000 जमा करवाई गई। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीरा रश्मि सारस्वत, अन्तर्राष्ट्रीय सह निदेशक वीरा अलका दूधेड़िया, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरणा, जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी, वीरा अलका भंडारी की उपस्थिति में केंद्र की वीराओं ने फौजी भाइयों को राखी बांधकर स्नेह व सम्मान व्यक्त किया।

# नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सिलीगुड़ी
## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सिलीगुड़ी** द्वारा यूनिक फाउंडेशन के सहयोग से दिव्यांग



फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

एवं स्वस्थ खिलाड़ियों के मध्य एक भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन समावेशिता, समानता और प्रेरणा का संदेश देने वाला एक अनुकरणीय प्रयास रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान श्री बाइचुंग भूटिया रहे, जिनकी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उनके साथ रीजनल सचिव वीर रमेश बैद, वीर केंद्र चेयरमैन वीर बजरंग सेठिया, केंद्र चेयरपर्सन वीरा पुष्पा चिंडालिया, सेक्रेटरी वीरा सीमा सेठिया एवं श्रीमती स्वीटी श्यामसुखा भी मंचासीन रही। कार्यक्रम में शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों एवं सामाजिक संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र** की प्रेरणा से स्वर्गीय श्रीमती परमेश्वरी देवी, धर्मपत्नी श्री रमेश कुमार धारीवाल की पुण्य स्मृति में मानव धर्म ट्रस्ट, बाड़मेर में जरूरतमंद 135 बंधुओं के लिए एक समय का भोजन प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में उनके निवास स्थान पर सामायिक का आयोजन भी किया गया। साथ ही सुमेर गौशाला, बाड़मेर में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौसेवा की गई। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेवा और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में केंद्र डिप्टी डायरेक्टर वीर गौतम डूंगरवाल, वीर रमेश कुमार धारीवाल, वीर मांगीलाल गोठी, वीर रमेश राठी, वीर बाबूलाल छाजेड़, वीर मदनलाल बोहरा, वीर पुरुषोत्तम धारीवाल, वीर भूरचंद सकलेचा, वीर भरत शर्मा, गंगा मां सहित कई सदस्यगण उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र बालोतरा भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र बालोतरा** की प्रेरणा से भामाशाह सहयोग द्वारा 27 जुलाई को स्थानीय नाहटा हॉस्पिटल में जरूरतमंदों को



भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

नि:शुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर मिठाई व फल भी वितरित किए गए। 23 जुलाई को केंद्र द्वारा स्थानीय चोंच मंदिर के सामने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर सेवा सत्र की शुरुआत की गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा रेखा पी. डोसी चोपड़ा ने बताया कि गौसेवा, मानव सेवा का श्रेष्ठ रूप हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से सूरदास गायों की भी सेवा की गई। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरपर्सन वीरा रेखा पी. डोसी चोपड़ा, उपाध्यक्ष वीरा संगीता भंसाली, सचिव वीरा प्रियंका गहलोत, कोषाध्यक्ष वीरा यशोदा बालड़, वीरा प्रमिला सालेचा, वीरा मंजू मंडोत, वीरा नीता गर्ग, वीरा सलोनी गुप्ता, वीरा डिंपल श्रीश्रीमाल सहित कई सदस्याएं मौजूद रही।

## रीजन-7

### भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र** द्वारा 22 जुलाई को ग्राम सहारा, महाराजपुर स्थित राकेश झा फार्म हाउस परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम




वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन

का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रस्टी वीर पारसमल पारख ने जानकारी दी कि यह अभियान मात्र एक दिन का नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रयास की शुरुआत हैं। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक पौधे रोपे गए, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं प्रतिभागियों ने ली। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। 24 जुलाई को कमला राजा शासकीय प्रसूति गृह के समीप आश्रय भवन में नवप्रसूत माताओं के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लगभग 200 माताओं को दूध, दलिया, दालें, देशी घी, चावल आदि प्रदान किए गए। यह आयोजन पूर्व चेयरमैन वीर अजित संचेती के पुत्र एवं पुत्री की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। 29 जुलाई को आश्रय भवन में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा प्रयास के अंतर्गत लगभग 450 लोगों को पौष्टिक भोजन कराया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर राकेश शिवहरे, पूर्व चेयरमैन वीर सुदर्शन जैन, कार्यक्रम संयोजक वीर संजय अग्रवाल, सचिव वीर अमित शिवहरे, सदस्य

वीर सुदर्शन जैन, वीर अरुण चोरड़िया, वीर नितिन मेहता, वीर डॉ. सिद्धार्थ जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र** द्वारा 16 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा प्रदत्त बेबी किट का वितरण जिला अस्पताल,



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

बैतूल में 50 शिशुओं को किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में डॉ. ईशा ड्यूटी पर थी तथा वरिष्ठ नर्स सुश्री अनीता की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वीरा प्रतिभा ने अस्पताल स्टॉफ को महावीर इंटरनेशनल की विभिन्न परियोजनाओं एवं उद्देश्यों की जानकारी दी।

# इंदौर–उज्जैन संभाग

## महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र
## वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रेमी बहुमान कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र** द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय टकरावदा में "एक पौधा–लाभ अनेक" पौधारोपण एवं पर्यावरण प्रेमी बहुमान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली



वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रेमी बहुमान कार्यक्रम का आयोजन

के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री राजेश धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष (बिरलाग्राम) श्री प्रकाश जैन, जैन मूर्ति पूजक श्री संघ अध्यक्ष श्री मनीष सालेचा व्होरा, जोन चेयरमैन वीर राजेश गेलड़ा, समाजसेवी श्री शरद जैन, संरक्षक वीर ऋषभ नागदा, जोन सचिव वीर हर्षित नागदा एवं सचिव वीर नीतिन बुडावनवाला उपस्थित रहे। केंद्र चेयरमैन वीर जितेन्द्र पोखरना ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा संस्था की विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी श्री ईश्वर सिंह चौहान एवं श्री शरद जैन का विशेष बहुमान किया गया। संस्था द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही वीर मनीष चपलोत एवं वीर अरविंद नाहर का जन्मदिन सेवा भाव के साथ मनाया गया। "एक पौधा–लाभ अनेक" अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रत्येक छात्र के नाम से एक–एक पौधा रोपा गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष वीर चंद्र प्रकाश कांठेड़, संरक्षक वीर ऋषभ नागदा, वीर सुरेंद्र काकरिया, वीर कमल जैन सहारा, वीर राजा कर्णावत, वीर सचिन सकलेचा, वीर संजय मुरडिया, वीर संदीप चपलोत, वीर कमल जैन, वीर सुरेंद्र कोलन, वीर कल्पेश जैन, वीर कुशल भंसाली, वीर मुकेश धोका, वीर अमित बम, वीर धर्मेंद्र बम, वीर भावेश बुरड़, वीर सौरभ कोलन, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा 20 जुलाई को सरकारी चरक अस्पताल, उज्जैन



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

में 549वें सप्ताह के अंतर्गत निर्धन परिवारों में जन्मे नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाव हेतु नि:शुल्क बेबी किट वितरित किए गए। यह सेवा कार्य वीर कैलाशजी एवं वीरा कृष्णाजी तोतला के सौजन्य से संपन्न हुआ व कई तिथियों पर केंद्र द्वारा नि:शुल्क बेबी किट वितरित किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर
## "खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर** द्वारा 25 जुलाई को भोरी टेकरी स्लम बिल्डिंग में



"खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन

"खुशियों का बाजार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत BIBA, इंदौर से प्राप्त वस्त्रों का वितरण बस्ती के जरूरतमंद परिवारों को किया गया।

## रीजन-8

## सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र, छत्रपति संभाजीनगर ध्वजारोहण एवं विविध सेवा कार्यों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र, छत्रपति संभाजीनगर के संयुक्त तत्वावधान में** 14 अगस्त को गजानन बहुउद्देशीय विद्यालय, गजानन नगर, गारखेडा में ध्वजारोहण एवं विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों को बैठने हेतु ग्रीन मैट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के ट्रस्टी श्री आशीष जी जायसवाल एवं शिक्षकगण ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान



**ध्वजारोहण एवं विविध सेवा कार्यों का आयोजन**

विद्यालय में शिक्षकों के बैठने हेतु कुर्सियों की कमी को देखते हुए, केंद्र की ओर से 10 कुर्सियों की व्यवस्था करने की भी घोषणा की गई। इसके साथ ही 15 अगस्त के पावन अवसर पर छत्रपति विद्यालय, गारखेडा में भी केंद्र द्वारा छात्रों के लिए ग्रीन मैट एवं नल वाली पानी की टंकी भेंट की गई।

### महावीर इंटरनेशनल वीरा अहमदनगर केंद्र निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा अहमदनगर केंद्र** द्वारा न्यू इंग्लिश स्कूल, हिंगण गांव में 5वीं से 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 400 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण के साथ-साथ सभी 400 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन व्यवस्था भी की गई। इस सेवा कार्य पर लगभग रु.40,000/- का व्यय किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्था पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

## गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र** द्वारा 8 अगस्त को पद्मश्री कनुभाई टेलर के मार्गदर्शन में "द डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट" द्वारा संचालित दिव्यांग विद्यालय में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 दिव्यांग बच्चों को कुल 750 नोटबुक वितरित की गई। 10 अगस्त को श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा भवन, लिम्बायत में



**निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन**

निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 170 लोगों ने नेत्र जांच और चश्मा वितरण का लाभ उठाया। तेरापंथी सभा की ओर से श्री रतनलाल भालावत, श्री लालचंद चोरड़िया, श्री धीरज भलावत, श्री अशोक पोखरणा एवं श्री संजय सुतरिया ने भागीदारी निभाई। इन अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर सुरेंद्र मरोठी, वीर संदीप डांगी, संस्थापक चेयरमैन वीर डॉ. रोशन बाफना, पूर्व चेयरमैन वीर शांतिलाल डांगी, वर्तमान चेयरमैन वीर अनिल बरडिया, उपाध्यक्ष वीर दिनेश जैन, सचिव वीर हस्तीमल बांठिया, वीर कैलाश जैन, वीर कमलेश बाफना, वीर समता बरडिया सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल वडोदरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वडोदरा केंद्र की सेवा गतिविधियां (अप्रैल से जुलाई)**

**1. एडीएमएस (ADMS):**
वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल को सफलतापूर्वक किया गया।

**2. ओपन स्कॉलरशिप कार्यक्रम:**
मंथन समूह के सुझावानुसार इस वर्ष छात्रवृत्ति हेतु फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से एकत्र किए गए। इस हेतु एक विशेष फॉर्म तैयार किया गया, जिसकी फॉर्म भरने की अवधि 15 मई से 15 जून तक रही।





**वृक्षारोपण एवं शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम**

10 मई को एनयूवी (NUV) इंटर्न्स हेतु एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

इंटर्न्स ने प्रत्येक आवेदक के घर जाकर मूल्यांकन कार्य बहुत ही सुचारू रूप से किया, जिसकी प्रशंसा स्वरूप उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

पहला ओपन स्कॉलरशिप कार्यक्रम 2 जुलाई को सिग्नस स्कूल में आयोजित किया गया।

दूसरा कार्यक्रम 19 जुलाई को पं. दीनदयाल नगर गृह में संपन्न हुआ।

### 3. गोल्डन थ्रेड कार्यक्रम:

जयपुर स्थित अपेक्स कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्री संजय कोठारी एवं श्री जसवंत जैन ने महावीर इंटरनेशनल की विविध गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

### 4. आशा दीप केंद्र:

गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी बच्चों के लिए शैक्षणिक गतिविधियां जारी रहीं।

14 जून को शोकेस गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### 5. जवानों को राखियां:

बच्चों द्वारा बनाई गईं राखियां श्री राजेश माथाने को ससम्मान सौंप दी गईं, ताकि वे उन्हें हमारे वीर सैनिकों तक पहुँचा सकें।

### 6. उपवन योजना:

कुल 6 उपवन (हरित क्षेत्र) महावीर इंटरनेशनल की समर्पित टीम द्वारा विकसित किए गए, जिसका नेतृत्व श्रीमती अवनी जैन ने किया।

### 7. अन्य गतिविधियां:

- "नया सवेरा" महिलाओं के लिए नियमित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।
- वायरमैन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कई कॉर्पोरेट संस्थाओं ने सामाजिक कार्यों हेतु आगे आकर सहयोग प्रदान किया।
- बच्चों को बैग और स्टेशनरी वितरित की गई।
- वृद्ध महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जा रहे हैं।

## महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र** द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत 25 जुलाई को गांधीधाम के शिशु मंदिर स्कूल में आसोपालो के 12 पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। इस सेवा कार्य में चेयरमैन वीर मुकेश तातेड़, सचिव वीर मुदित बालड, कोषाध्यक्ष वीर जितेन्द्र तातेड़, वीर सोहन बालड, विद्यालय के प्राचार्य तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। पेड़ लगाने के इस पुनीत कार्य में वीर मुकेश तातेड़, वीर मुदित बालड, वीर राजीव संकलेचा, वीर वीरेंद्र चोपड़ा एवं वीर जितेन्द्र तातेड़ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा, सूरत केंद्र
## "श्री योग गुरु सम्मान समारोह 2025" का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा, सूरत केंद्र** द्वारा सरथाना, उन्नति मंदबुद्धि (एम.आर.) हॉस्टल में 22 जुलाई को मानसिक रूप से विशिष्ट 35 बच्चों के साथ एक अत्यंत भावनात्मक, प्रेरणादायक व स्नेहपूर्ण कार्यक्रम संपन्न किया गया। हॉस्टल मेंटर रचना सोलंकी और उनकी टीम के सहयोग से बच्चों ने टिकटॉक पजल गेम्स, बॉल पासिंग, डांस, गरबा, फोटोशूट सहित कई रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों में आनंदपूर्वक भाग लिया। सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए। बच्चों ने स्वनिर्मित पूजन सामग्री एवं दीये टीम को बेचकर आत्मसम्मान और प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्राप्त किया। केंद्र द्वारा शांतम, रीगा स्ट्रीट, कैनाल रोड, सूरत में "श्री योग गुरु सम्मान समारोह 2025" का गरिमामयी आयोजन हुआ। इसमें 11 प्रतिष्ठित योग गुरुओं (श्री हरपाल शास्त्री, श्री अनिश रंगरेज, श्री कमलेश मसालावाला, श्री दिनेश भाई चौधरी, श्रीमती नेहा सोलंकी, श्री राकेश जी पांडे, श्री सुरेंद्र गाड़िया, श्रीमती स्नेहलता वर्मा, श्रीमती अलका सांखला, श्रीमती नम्रता वर्मा, श्री वीनू भाई मेवछा) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, केंद्र चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, सचिव वीरा सुमन जैन, उपाध्यक्ष वीरा स्मृति जैन, वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा रीना जैन, वीरा लता जैन, वीरा नीलम डागा, वीरा मोनिका गदिया, वीरा संगीता राठी, वीरा श्वेता जैन, वीरा आरती सोनावत सहित कई पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।



**"श्री योग गुरु सम्मान समारोह 2025" का आयोजन**

# मुंबई संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र
## रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा 3 अगस्त को बॉम्बे डाइंग गिरणी कामगार, म्हाडा वसाहत, नायगांव, दादर (पूर्व), मुंबई रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंद रोगियों को जीवनदायिनी रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में कुल 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में संस्था के सदस्यगण वीर सुरेश बापना, वीर मनेक मेहता, वीरा मंजू मेहता, वीर



रक्तदान शिविर का आयोजन

कांतिलाल शाह, वीरा रेखा शाह उपस्थित रहे एवं सक्रिय योगदान दिया। इस पुण्य कार्य को वीर कांतिलाल शाह एवं वीरा रेखाबेन शाह द्वारा प्रायोजित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल नवी मुंबई केंद्र मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नवी मुंबई केंद्र एवं अरिहंत आयोग्यम वाशी के संयुक्त तत्वावधान में** श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा एक मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर आचार्य श्री यशोवर्म सूरीश्वर जी के सान्निध्य में वाशी स्थित गुजरात भवन में संपन्न हुआ। कैम्प का शुभारंभ आचार्य श्री के मंगल पाठ से हुआ। इस अवसर पर कैम्प प्रमुख डॉ. बलवंत चोरड़िया ने बताया कि शिविर में विभिन्न नई एवं पुरानी बीमारियों के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कुल 135 लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर, अस्थमा सहित अन्य रोगों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त अहमदाबाद से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की टीम ने गर्दन, कमर दर्द, साइटिका, स्लिप डिस्क, घुटनों के दर्द, स्ट्रोक, पैरालिसिस आदि की समस्याओं का लाइव ट्रीटमेंट के माध्यम से उपचार किया, जिससे उपस्थित लोगों ने विशेष लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में वीर डॉ. बलवंत चोरड़िया, वीर डॉ. ध्रुव पटेल, वीर डॉ. केदार, वीर डॉ. विनोद प्रजापति, वीरा डॉ. निशा सहित एम.पी. सी.टी. हॉस्पिटल की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता में वीर राजू दुगड़, वीर नरेश संघवी, वीर मनीष जैन, वीर प्रकाश संचेती, वीर मनोज बाफना, वीर मोहन पामेचा, वीर सुरेश बाफना, वीर राजेश मेहता एवं समस्त श्री संघ का सक्रिय सहयोग उल्लेखनीय रहा।



मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र "लाइफ सेविंग किट" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र** के चेयरमैन वीर अमित जैन द्वारा पवई सीनियर सिटिजन्स



"लाइफ सेविंग किट" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

एसोसिएशन की बैठक में "लाइफ सेविंग किट" विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं जागरूकता आधारित संवाद प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम फॉरेस्ट क्लब, पवई में आयोजित हुआ। वीर अमित जैन ने अपने वक्तव्य में जीवन रक्षक किट की उपयोगिता, उसमें सम्मिलित सामग्री तथा आपातकालीन परिस्थितियों में इसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने विषय में गहरी रुचि ली और कई उपयोगी प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के पश्चात, उपस्थित लगभग 50 सदस्यों को 'लाइफ सेविंग किट' नि:शुल्क वितरित की गई, जिसे सभी ने अत्यंत सराहा।

# रीजन-9

## छत्तीसगढ़ संभाग

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र** की सक्रिय सदस्या वीरा सुनंदा श्रीश्रीमाल द्वारा 28 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण हेतु 12 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया, जिनमें गुलमोहर, नीम, आंवला और अमरूद जैसे पौधे शामिल हैं। 1 अगस्त को केंद्र द्वारा "संपूर्ण



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

फाउंडेशन" के एक बच्चे को छह महीने के लिए दत्तक लिया गया। इस अवधि में उस बच्चे की फीस, पढ़ाई का खर्च, ऑटो किराया, पानी, दवाईयां एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी। इस सेवा कार्य में कुल रु.12,000/- का व्यय हुआ। कार्यक्रम की सफलता में वीरा शीला श्रीश्रीमाल, वीरा लीला श्रीश्रीमाल, वीरा सुनंदा श्रीश्रीमाल, वीरा रंजना श्रीश्रीमाल, वीरा इंदु लोढ़ा, तथा वीरा सुधा सेठिया की उपस्थिति और सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर इंदु लोढ़ा ने बच्चों के बीच एक प्रेरणादायक उद्बोधन दिया, जिससे सभी लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम में संपूर्ण फाउंडेशन की सह-संस्थापक नेहा श्रीश्रीमाल, सभी शिक्षकगण एवं छात्रगण भी उपस्थित रहे।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र** द्वारा महाजन कॉलेज, आर्णी रोड परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, महाविद्यालय प्रबंधन एवं संस्था पदाधिकारियों की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

हेतु विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के दौरान संस्था केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया ने कहा कि संस्था द्वारा यवतमाल तालुका स्तर पर चित्रकला स्पर्धा आयोजित की जाएगी, जिसमें तीन आयु वर्गों के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। उन्होंने तालुका की समस्त शालाओं से इस प्रतियोगिता में अधिकतम सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत, श्री सत्यसाई माता व बाल अस्पताल (नंदुरकर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर, संभाजीनगर, यवतमाल) में नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट्स का वितरण किया गया। यह सेवा जरूरतमंद माताओं एवं शिशुओं के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुई। उपस्थितजनों ने इस मानवीय सेवा उपक्रम की भूरि-भूरि सराहना की। कार्यक्रम में महाजन कॉलेज, संस्थापक श्री महाजन, केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया, सचिव वीरा शोभाताई दोडेवार, कोषाध्यक्ष वीर शेखर बंड, प्रकल्प अधिकारी वीरा सुजाता जिद्देवार साथ ही कार्यकर्ता वीर हर्षल एंबरवार, वीर उज्ज्वला भाविक, वीर राजेशजी भूत, वीर रवी निमोदिया, वीर उमेश पोद्दार, वीर मनोज अग्रवाल, वीर उमेश पकाले, वीर नंदकुमार महाजन, वीरा ललिताताई घोडे, वीरा योगिता मंचनवार, वीरा आरती कामघंटीवार, वीरा तृप्ती सामृतवार, वीरा शरद निमोदिया आदि की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

# रीजन-10

## आँध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र** द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जीवीएमसी स्कूल, अक्काय्यपालेम में एक सामाजिक सेवा




**सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन**

कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को स्मरण करते हुए बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम संपन्न किया गया। किशोर केंद्र के बच्चों के सहयोग से विद्यालय के छात्रों को रु.31,000 मूल्य की स्टेशनरी, टॉफियां, फल एवं ओवरस्प्रेड वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, रेलवे कॉलोनी फ्लाईओवर के पास जरूरतमंद लोगों को सेब और बिस्कुट के पैकेट भी वितरित किए गए। इसके साथ ही, 29 अगस्त को ट्रस्ट द्वारा महरानीपेटा स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में एक सामान्य सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राखी के पावन पर्व को आध्यात्मिक राखी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्यों के लिए एक ध्यान सत्र (Meditation Session) का भी आयोजन किया गया। बैठक में अगस्त एवं सितंबर माह की आगामी परियोजनाओं की जानकारी सदस्यों को दी गई। ट्रस्ट की चेयरपर्सन सुनिता राखेचा द्वारा प्रायोजित 20 किलो चावल आश्रम को दान स्वरूप भेंट किया गया।

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निम्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई एवं एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम द्वारा 527 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 55 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। 264 मरीजों की आंखें जांच में कमजोर पाई गई जिनको चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 168 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच की गयी। डॉक्टर जगदीश द्वारा 33 लोगों का इलाज करके निःशुल्क दवा दी गयी। जरुरतमंदों को श्रवण यंत्र, मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा, 24 आई ड्रॉप्स, सर्वाइकल कालर, गरम पानी की थैली, पेन बाम, पेन स्प्रे, कमर पट्टा व घुटने के मोजे हाथ के दस्ताने, क्रेप बैंड, बुजुर्गो के लिए सहारे की लाठी दिए गए। 26 जुलाई को केंद्र की सातवीं आम सभा का आयोजन होटल शिवसागर, वेपेरी में सम्पन्न हुआ। संघ की प्रार्थना के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत सचिव स्वर्गीय हीरालाल जी कोठारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। सभा की अध्यक्षता चेयरमैन वीर निरंजनजी सोलंकी ने की। उन्होंने स्वागत



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

भाषण में संघ द्वारा किए गए नेत्र शिविर व अन्य सेवाकार्यों की जानकारी दी। वर्ष 2025-2027 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें पुन: वीर निरंजनजी सोलंकी को चेयरमैन, वीर शांतिलाल गुगलिया को सचिव नियुक्त किया गया व उपाध्यक्ष: श्री रिकबचंद बोहरा, श्री अशोकचंद रांका, श्री घेवरचंद नामदेव, उप सचिव: वीरा श्री इंदिरा सोलंकी, श्री महेश खिवसरा, कोषाध्यक्ष: श्री ज्ञानचंद कटारिया, उप कोषाध्यक्ष: श्री सुमित लोढ़ा, मीडिया कन्वेनर (अपेक्स जयपुर): शिल्पा बंब, फंड डेवलपमेंट चेयरमैन: एम. कमल तोलिया को नियुक्त किया गया। चुनाव घोषणा सर्वसम्मति से पारित की गई। मंच संचालन श्री ललित रांका ने किया तथा सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इन अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 1427 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 98 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 993 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 509 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 175 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 20 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। जरूरतमंद को श्रवण यन्त्र, कमर पट्टा, व घुटनो के मोजे भी दिए गए। 10 अगस्त को करुणा इंटरनेशनल द्वारा राष्ट्रसंत पूज्य कमल मुनि जी कमलेश के पावन सानिध्य में जैन भवन, साहुकारपेट में मानव सेवा के उत्कृष्ट प्रयासों के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता और उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्र को सम्मानित किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी व सचिव वीर दिलीप मेहता को यह अवार्ड प्रदान किया गया। इन अवसरों पर वीर नरेन्द्र



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

कोठारी, वीर पूनमचंद मांडोत, वीर महावीर बाफना, वीर सुरेश गुगलिया, वीर जबरचंद बम्ब, वीर प्रकाशचंद बम्ब, वीर कपूरचंद, वीर विनय कुमार, वीर ललित कुमार, वीर प्रकाश चंद, वीर निर्मल छाजेड़, वीर सुनील लुनिया, वीर धर्मिचंद बोकड़िया, वीर देवराज बोथरा, वीर प्रवीण पोकरण, वीर अभिषेक गादीया, वीर महावीर बारेच, वीर आकाश जैन, वीर उगम राज डागा, वीर तेजमल संचेती, वीर माणकचंद रांका, वीर मदनलाल डुंगरवाल, वीर मोहनलाल बुबक्या आदि वीर-वीरा सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** कोंडीतोप स्थित सी. एस.आई. राजगोपाल विद्यालय में 27 जुलाई को 2880वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन वीर पारस रांका एवं वीर विकास मरडिया (नार्थ टाउन निवासी) के सहयोग से किया गया। अग्रवाल आई हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम द्वारा



**नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन**

45 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 23 लोगों को चश्में दिए जाएंगे और एक मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सहयोगियों पारस रांका एवं विकास मरडिया का शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। 15 अगस्त को केंद्र द्वारा कोंडीतोप स्थित सी.एस.आई. राजगोपाल मिंट मिडिल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात, मुख्य सहयोगी श्री महावीरचंद खींचा के सौजन्य से 65 जरूरतमंद छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म, और श्री हेमराज कुंकुलोल के सहयोग से बच्चों को लडडू एवं नमकीन वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, स्कूल के 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 16 छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और सभी छात्रों को उपहार प्रदान किए गए। इन अवसरों पर चेन्नई मेट्रो केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, केंद्र चेयरमैन वीर दिलखुशराज धोका, सचिव वीर रमेश नाहटा, सह सचिव वीर महावीरचंद सबधड़ा, कोषाध्यक्ष वीर बुधप्रकाश डोसी, वीर पारस रांका, वीर निर्मल तातेड़, वीर राजेन्द्र दशरला, वीर भावेश खटोर, वीर महेश शर्मा तथा अतिथि भावना नाहटा एवं दिव्या नाहटा ने अपनी सक्रिय सेवाएं प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** भारतीय जैन संघटन चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 23 जुलाई को 2876वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में अग्रवाल




**नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन**

आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 115 लोगों की आंखों की जांच की जिनमें 25 जनों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही 60 जनों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 47 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह भी जांच की गई। 22 लोगों को आंखों की दवाई वितरित की गई। शिविर में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदमचंद सिंघवी, केशाराम सीरवी, जितेन्द्र कुमार, बालू कुमार, सपना गड़वानी, दीपा, अनिता एवं बी.जै.एस. टीम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा जुलाई और अगस्त माह में कई समाजोपयोगी एवं करुणामयी सेवा परियोजनाओं का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से जरूरतमंदों के साथ-साथ पशु कल्याण को भी ध्यान में रखा गया। "Treats on the Streets", "आहार सत्कार", और "Happy Tails" जैसी



**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

परियोजनाएं संस्था की सेवाभावना का सशक्त उदाहरण हैं। 13 जुलाई को परियोजना "Treats on the Streets 6.0" के अंतर्गत वीरा करिश्मा जैन के सौजन्य से हिमायतनगर क्षेत्र में सड़कों पर रहने वाले बच्चों को स्लेट, स्लेट पेंसिल, चॉकलेट्स, वेफर्स, एयर बलून, टूथब्रश, टूथपेस्ट, एवं गर्म वेज डिनर रोल वितरित किए गए। केंद्र द्वारा आहार सत्कार सेवा – जरूरतमंदों को गर्म भोजन के अंतर्गत गांधी हॉस्पिटल एवं नीलोफर हॉस्पिटल में डियान सेठिया एवं शिवम सांखला के सहयोग से 342 जरूरतमंद लोगों को गर्म भोजन परोसा गया। संस्था अब तक कुल 21,076 भोजन प्लेटों का वितरण कर चुकी हैं। 20 जुलाई को सत्वमॉल, कवाड़ीगुडा के सामने स्वर्गीय श्री राजेंद्रजी सुराणा की पुण्य स्मृति में 207 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया। साथ ही सिटिजन्स फॉर एनिमल्स, नल्लाकुंटा में संस्था द्वारा एक पशु सेवा कार्यक्रम "Happy Tails" आयोजित किया गया। यहां बचाए गए कुत्तों के लिए भोजन, दवाईयां और खिलौनों का वितरण किया गया। wagging tails और warm cuddles से भरे इस कार्यक्रम ने सेवा की एक अलग ही अनुभूति प्रदान की। इस परियोजना में वीरा मानवी जैन एवं वीर वरुण दोसी का सहयोग रहा। इन विभिन्न अवसरों पर वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराणा, केंद्र चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा प्रेरणा जैन, एवं संयुक्त सचिव वीरा तनिषा जैन की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा 16 जुलाई को केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती की बेटी के जन्मदिन पर कवाड़ीगुडा स्थित साई जूनियर कॉलेज फॉर द ब्लाइंड में "भूख मिटाओ" कार्यक्रम के अंतर्गत 220 जरूरतमंदों के लिए भोजन सेवा की गयी। 6 अगस्त को सुल्तान बाजार, कोटी में "भूख मिटाओ" के अंतर्गत 150 जरूरतमंदों के लिए भोजन सेवा की गयी और अब तक लगभग 16,000 लोगों तक भोजन सेवा पहुँच चुकी हैं और इस परियोजना की लागत अभी तक लगभग रु.455000/- रही। केंद्र द्वारा 23 जुलाई को वृद्धाश्रम आर.के. फाउंडेशन (होम फॉर एल्डर्स) में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को किराना सामग्री, बिस्कुट




**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

एवं दवाईयां वितरित की गईं। केंद्र द्वारा 29 जुलाई को कुच्ची भवन रामकोट में नेमिनाथ परमात्मा जन्म कल्याणक एवं पूज्य तपो रत्ना सुलक्षणा श्री जी महारसा के 75वें अवतरण दिवस पर लगभग 1000 जीवन रक्षक किट्स का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा 31 जुलाई को महिला सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत वीरा लता खिंचा के निवास स्थान पर्ल पॉइंट अपार्टमेंट, हैदराबाद पर श्रीमती रम्भा कुमारी को सिलाई मशीन भेंट की गई। महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र एवं लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम नेत्र अस्पताल के सहयोग से केंद्र की स्थायी परियोजना अलैर आई विजन सेंटर के अंतर्गत 10 अगस्त को 20वां नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर, श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ धर्मशाला, अलैर में आयोजित किया गया। जिसमें 38 नेत्र जांच पंजीकरण, 9 मोतियाबिंद केस जांच, 8 सफल मोतियाबिंद शल्यक्रियाएं एवं 25 नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। जुलाई माह से अब तक 18 शिविरों के माध्यम से लगभग 1039 जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिला हैं और 129 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए हैं और प्रोजेक्ट की लागत रु.3,20,000/- रही हैं। इन सभी परियोजनाओं में वीर विनोद संचेती (चेयरमैन), वीरा अर्चना नाहटा (सचिव), वीर प्रीतेश बोहरा, वीर साधना सिसोदिया, वीर धर्मेंद्र जैन, वीर शील कुमार जैन, वीर बसंत बाफना और अन्य सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र स्कूल यूनिफॉर्म और बैग वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र** द्वारा 20 जुलाई को महावीर हॉस्पिटल, लकड़ी का पुल परिसर में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान एवं साउंड हीलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। महावीर इंटरनेशनल की प्रमुख परियोजना "ग्रीन एंड क्लीन इंडिया" के अंतर्गत आयोजित इस वृक्षारोपण अभियान में लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही प्रसिद्ध साउंड हीलर श्रीमती सरला भूतोरिया द्वारा एक विशेष साउंड हीलिंग सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें 80 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। इसी क्रम में 30 जुलाई को सेठ बनवारीलाल गोयल सरकारी हाई स्कूल, रेजीमेंटल बाजार में एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 250 छात्रों को नए स्कूल यूनिफॉर्म और बैग वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई और उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। इन अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर विनय जांगड़ा, को-डायरेक्टर व मेंबरशिप डेवेलपमेंट वीरा सीमा शील कुमार जैन, रीजन सेक्रेटरी वीर शील कुमार जैन, जोन कोऑर्डिनेटर वीरा शीतल सांखला एवं महावीर हॉस्पिटल के ट्रस्टीगण भी उपस्थित रहे।



**स्कूल यूनिफॉर्म और बैग वितरण कार्यक्रम**



# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में



## वर्धमान हेल्थ केयर सेंटर में 215 मरीजों को मिली नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा



## नि:स्वार्थ सेवा ही सच्ची सेवा है

बालोतरा @ पत्रिका. महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र बालोतरा ने रविवार को नगर के राजकीय चिकित्सालय में जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क भोजन करवाया। केन्द्र उपाध्यक्ष संगीता भंसाली ने बताया की दानदाता के के सहयोग हॉस्पिटल में जरूरतमंदों को भोजन करवाया । मिठाई ,फल वितरित किए गए। अध्यक्ष रेखा पीडोसी चोपड़ा ने बताया नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची सेवा है। कोषाध्यक्ष यशोदा बालड ,नीता गर्ग आदि सदस्य मौजूद थी।



## महावीर इंटरनेशनल स्थापना दिवस के साथ जोधपुर जॉन अवार्ड सेरेमनी का हुआ आयोजन

MO. 9079209672

जोधपुर । महावीर इंटरनेशनल का 43 वां स्थापना दिवस और जोधपुर जॉन अवार्ड शानदार सेरेमनी कार्यक्रम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन, जॉन चेयर पर्सन वंदना बक्शी और रीजन उपाध्यक्ष अनिल, वेकस्पर्सन जगदीश गांधी साहब द्वारा की गई दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ ।

महावीर इंटरनेशनल जोधपुर अध्यक्ष जगदीश जी गांधी ने बताया जोधपुर वीर केंद्र का 43वां स्थापना दिवस और जोधपुर जॉन चेयरपर्सन वंदना बक्शी और जॉन सचिव सुधा शर्मा द्वारा सभी 10 केन्द्रों सेवा कार्य के तहत अवार्ड सेरेमनी की गई, उसमें सभी केंद्रों को 25 अवार्ड दिए गए उसमें महावीर इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन पधारे रीजन 5 उपाध्यक्ष अनिल बाटिया, रीजन सचिव राजेंद्र राठौड़ महावीर इंटरनेशनल सभी 10 केन्द्रों के अध्यक्ष व सचिव गैवर्स पधारे सभी की सेवा कार्य के हिसाब से प्रथम द्वितीय अवार्ड से सम्मानित किए गए। मंच का संचालन सचिव अरुण मोहनोत द्वारा किया गया और राष्ट्रगान के बाद सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।



## एनसीसी कैडेट को रक्षा सूत्र बांध कर बहनों ने लिया रक्षा का वचन



## महावीर इंटरनेशनल ने मूकबधिर बच्चों संग बांटी खुशियां

वृन्दावन सिटी। महावीर इंटरनेशनल वृन्दावन सिटी द्वारा संचालित सेवा भाव की परंपरा को निभाते हुए, आज मूकबधिर विद्यालय में तीज का त्योहार बेहद हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। 'सबकी सेवा, सबको प्यार, जीयो और जीने दो' की भावना को आत्मसात करते हुए बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का यह प्रयास सभी के लिए यादगार बन गया। ...



## महावीर इन्टरनेशनल के माध्यम से स्कूलों में स्टेशनरी वितरण किया गया



## महावीर इंटरनेशनल ने निशुल्क बांटे नवजात शिशु किट

जसरापुर | महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान के द्वारा शुक्रवार को संस्था अध्यक्ष शिवकुमार सुरेलिया की अध्यक्षता में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसरापुर में निशुल्क नवजात शिशु सुरक्षा किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वीर शिवकुमार सुरेलिया ने कहा कि यह नवजात शिशु सुरक्षा किट नवजात बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होता है। इस अवसर पर सचिव महेंद्र सिंह शेखावत, सहसचिव रमेश कुमार जांगिड़, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़, संस्था सदस्य रमाकांत पुजारी, गिरधारीलाल पुजारी, शंकरलाल मोहता, डॉ. अनीता बुडी, नर्सिंग ऑफिसर महेंद्र सिंह शेखावत, महेश, सरोज, हेतराम सिरायना, सविता, रिंकू, सुरेंद्र कुमार जांगिड़ सहित संस्था सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।



## संगठन सेवा, करुणा और मूल्यों का जीवंत स्वरूप

### महावीर इंटरनेशनल वीर केन्द्र कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



## चेंगलपेट में लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

चेन्नई @ पत्रिका. महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो व महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय जैन संघटन चेंगलपेट के सहयोग से बुधवार को जैन भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में अग्रवाल आई हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने 315 लोगों की आंखें जांचीं जिनमें से 25 जनों की आंखों की मोतियाबिंद सर्जरी करवाई जाएगी एवं 60 जनों को चश्मे लगाए जाएंगे। साथ ही 47 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई।

शिविर में अजीत चोरड़िया, पदमचंद सिंघवी, [illegible], जितेंद्र कुमार, बालू कुमार, [illegible] टीम ने सेवा दी।



## रायपुर नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम आयोजित

रायपुर | महावीर इन्टरनेशनल शाखा रायपुर के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर व पौधारोपण महोत्सव का आयोजन किया। पूर्व जोन अध्यक्ष कन्हैयालाल बोहरिया ने बताया कि महावीर मिल्क्रॉन ग्रुप, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, रायपुर में महावीर इन्टरनेशनल शाखा रायपुर द्वारा लैंसकेयर प्रोफेशनल के सानिध्य में मिशन दृष्टि सेवा आई कैम्प के तहत विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों की आंखों की जांच डॉ. कोमल ने की। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रायपुर के संस्था प्रधान नवीन कुमार बाबेल, शिक्षक कैलाश रावल के निर्देशन में पौधारोपण किया। साथ ही अखिल सहकारी संस्था संयुक्त सचिव के कैंसर के उपचार के लिए 31 हजार की सहयोग राशि भेंट की। अध्यक्षता शंकरलाल [illegible] ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी [illegible] दाधीच थे। इस अवसर पर शिविर संयोजक सुनील सिसोदिया, रामू लाल मेहता गंगापुर शाखा अध्यक्ष, जगदीश काबरा, राधेश्याम काबरा, कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार बाबेल, कैलाश रावल, सत्यनारायण दाधीच, प्रवीण नवलखा आदि उपस्थित थे।



## जज़्बा वीरा ने 7 फीट ऊंचे पौधों का किया वृक्षारोपण

अगम्य मीडिया www.agamyamedia.com

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**